MPHIN/2021/83938

दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 141 | ग्वालियर,31 जनवरी बुधवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

बेनुगाह पिता को 12 वर्ष जेल में.हाईकोर्ट ने रद्द की बेटी से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष योग्यता के आधार पर अपना मामला स्थापित करने में पूरी तरह विफल रहा है. हाईकोर्ट ने कहा कि पीड़िता ने खुद अपने बयान में कहा है कि उसके पिता ने उसे प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था और जमकर डांट लगाई थी. इसलिए उसने प्रेमी के साथ मिलकर पिता के खिलाफ रेप का मामला दर्ज करवाया था.

बेटी ने दर्ज कराई थी एफआईआर-अपीलार्थी के अधिवक्ता विवेक अग्रवाल के अनुसार भोपाल के छोला मंदिर पुलिस थाने में 21 मार्च 2012 को पीड़िता ने अपने नाना के साथ जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 18 मार्च 2012 को उसके पिता ने उसके साथ रेप किया. इस मामले में पुलिस ने जांच के बाद चालान पेश किया और सेशन कोर्ट ने 15 फरवरी 2013 को आरोपी पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई. इसके बाद पिता ने साल 2013 में सजा के खिलाफ अपील की.अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता विवेक अग्रवाल ने दलील दी कि पीड़िता ने कई बार अपने बयान बदले हैं. एमएलसी रिपोर्ट में भी जबरन ज्यादती की बात सामने नहीं आई. इसके अलावा पीड़िता ने खुद अपने बयान में कहा कि उसके पिता ने उसे प्रेमी के साथ देखा था और धमकी दी थी. इसलिए उसने रिपोर्ट दर्ज कराई. सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपील स्वीकार कर भोपाल सेशन कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया

महाकालेश्वर मंदिर के नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर आपत्तिजनक मामला दर्ज

मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के नाम पर फेसबुक अकाउंट बनाकर आपत्तिजनक फोटो डालने के मामले में उज्जैन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. महाकालेश्वर मंदिर समिति ने भी आपत्ति दर्ज कराते हुए पुलिस को अकाउंट बंद करने की शिकायत की है. पुलिस ने अकाउंट बंद करने को लेकर भी प्रक्रिया शुरू कर दी है.महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि सोमवार (29 जनवरी) को फेसबुक अकाउंट पर महाकालेश्वर मंदिर के नाम पर फर्जी पेज बनाकर किसी और सामाजिक तत्व ने आपत्तिजनक फोटो डाल दिए. इसके बाद शिव भक्तों की ओर से लगातार शिकायत मिलने लगी.

अकाउंट बंद करने के प्रयास कर दी है शुरू -महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि इस मामले में उज्जैन के

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयंत राठौर से शिकायत कर दी गई है. पुलिस ने फर्जी अकाउंट बंद करने के प्रयास शुरू कर दी है. उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में महाकाल थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी. पुलिस अधिकारियों ने आईटी एक्ट और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की तैयारी भी कर ली है.

नया अकाउंट बनाकर डाले फोटो-प्रबंध समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि महाकालेश्वर मंदिर की ओर से सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर मंदिर का अधिकृत अकाउंट बनाया गया है. इस अकाउंट अधिकृत अकाउंट को हैक नहीं किया गया है बल्कि नया अकाउंट बनाकर उस पर आपत्तिजनक फोटो डाले गए हैं. महाकालेश्वर मंदिर समिति द्वारा संचालित किए जाने वाले सभी सोशल मीडिया अकाउंट पूरी तरह सुरक्षित है.

फेसबुक को किया गया मेल-सूचना के बाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना महाकाल पर अपराध क्रमांक 58/24 धारा-188 आईपीसी और 67 आईटी एक्ट का मामला दर्ज करके विवेचना में लिया गया है. मामले की तकनीकी जानकारी प्राप्त करने और फर्जी फेसबुक पेज को डिलीट करने हेतु नोडल ऑफिसर फेसबुक को मेल किया गया है. नोडल ऑफिसर फेसबुक से जानकारी प्राप्त होने पर उज्जैन पुलिस द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

मध्यप्रदेश को मिली बड़ी सौगात, 10.4 हजार करोड़ से बनेंगे 24 नेशनल हाईवे, नितिन गडकरी आज करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास

मध्यप्रदेश को 10 हजार 405 करोड़ रुपये की लागत से बनी 724 किलोमीटर लंबी 24 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात मिलने वाली है. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी भोपाल और जबलपुर में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान इन योजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण करने वाले है. इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उनके साथ कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे. आपको बता दें कि भोपाल में 8 हजार 38 करोड़ रुपए लागत से 498 किलोमीटर लंबी 15 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम लाल परेड मैदान में होगा.वहीं, जबलपुर में 2 हजार 367 करोड़ रूपए की लागत से बनी 226 किलोमीटर लंबी 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम वेटनरी कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहेंगे.

भोपाल में इन सड़क निर्माण कार्यों का होगा शिलान्यास-भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में एनएच 46 के अयोध्या बाईपास खण्ड का 6 लेन चौड़ीकरण, एनएच 146बी के शाहगंज से बाड़ी खण्ड का चार लेन चौड़ीकरण, एनएच 552 विस्तारित के मध्यप्रदेश राजस्थान सीमा से श्योपुर-गोरस का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक निर्माण, एनएच 752सी पर शुजालपुर बाईपास का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक निर्माण, एनएच 552 विस्तारित पर अटेर एवं भिण्ड बाईपास का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक निर्माण, एनएच 552 विस्तारित के गोरस से श्यामपुर मार्ग का दो लेन पेव्ड

शोल्डर के साथ सडक निर्माण, एनएच 56 के दाहोद गुजरात सीमा से अम्बुआ खण्ड का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक निर्माण, एनएच 347, मुलताई से मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा तक का दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा.

जबलपुर को मिलेगी ये सौगात-जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम से एनएच-539 के टीकमगढ़-झांसी सडक पर स्थित जामनी नदी पर पुल का निर्माण, चदिया घाटी से कटनी बाईपास तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सडक उन्नयन कार्य, एनएच-339 के बमीठा से खजुराहो हिस्से का चार लेन चौड़ीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं गुलगंज बायपास से बरना नदी तक दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक उन्नयन कार्य, बरना नदी से केन नदी तक दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक निर्माण, शहडोल से सगर टोला तक दो लेन पेव्ड शोल्डर के साथ सडक उन्नयन कार्य, एनएच-44 मप्र के अंतर्गत ललितपुर-सागर-लखनादौन खण्ड में कुल 23 वीयूपीएस पुल सर्विस रोड का निर्माण, एनएच-44 के सुकतारा, खुरई और खवासा में कुल 3 फीट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य, बंजारी घाटी एनएच-44 पर 2 ब्लैक स्पॉट का सुधार कार्य का शिलान्यास किया जाएगा.

इन क्षेत्रों से कनेक्टिविटी होगी सुगम-इन परियोजनाओं से महाकौशल क्षेत्र के गेहूं और धान कृषि व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों तक कनेक्टिविटी आसान होगी, कटनी के कोयला खदान उद्योग को लाभ मिलेगा. प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो, ओरछा, राष्ट्रीय पेंच टाइगर कॉरीडोर तक कनेक्टिविटी आसान होगी, बुधनी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज और वुड क्राफ्ट व्यापार को लाभ मिलेगा साथ ही मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और दिल्ली राज्यों के बीच व्यावसायिक एवं नागरिक यातायात सुगम होगा.

उज्जैन मूर्ति विवाद पर बनी आपसी सहमति, माकड़ोन में ही लगेगी सरदार पटेल की प्रतिमा

मध्य प्रदेश के उज्जैन के माकड़ोन में प्रतिमा स्थापना के बीच हुए विवाद में सरदार पटेल की प्रतिमा को ट्रैक्टर से टक्कर मारकर गिरा दिया गया था. अब दोनों पक्षों के बीच इस बात की सहमति बनी है कि दोनों प्रमुख नेताओं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी. आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी में बताया गया है कि उज्जैन में संबंधित पक्षों के आपसी समन्वय से यह फैसला लिया गया कि माकड़ोन में सरदार पटेल और डॉ. अंबेडकर दोनों की मूर्तियां फिर से स्थापित की जाएगी. सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति फिर से नियत स्थान पर स्थापित की जाएगी. वहीं माकड़ोन के बस स्टैंड पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित की जाएगी. कलेक्टर नीरज कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा की मौजूदगी में रविवार (28 जनवरी) को इस घटना से संबंधित दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई थी.कलेक्टर सिंह के सामने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने बीते दिनों माकड़ोन में हुई घटना पर दुख जताया.

जांच के बाद होगी कार्रवाई-इसके साथ ही दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने भविष्य में माकड़ोन में शांति और आपसी सामंजस्य बनाए रखने का आश्वासन भी दिया है. पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार शरारती तत्वों और नफरत फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. बैठक में बताया गया कि माकड़ोन में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जा रही है. दोनों पक्ष पुलिस विभाग और प्रशासन की मदद करें.

जबलपुर में कलेक्टर का नवाचार, नितिन गडकरी के कायर्क्रम के लिए घर-घर न्योता

मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर में एक सरकारी कार्यक्रम में नया नवाचार देखने को मिल रहा है. यहां कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास के कार्यक्रम में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने घर-घर और दुकानों पर जाकर आमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं. यहां बताते चले कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में कल मंगलवार (30 जनवरी) को वेटरनरी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास का कार्यक्रम होने का रहा है. कलेक्टर दीपक सक्सेना ने नया नवाचार करते हुए इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने लोगों के घर और दुकानों पर जाकर आमंत्रण पत्र दिये जा रहे हैं. प्रशासन की टीम लगातार आमंत्रण पत्र बांटने के काम में लगी हुई है.

परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की बड़ी सौगात-दरअसल, 30 जनवरी को मध्य प्रदेश के केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बड़ी सौगात देने आ रहे है. गडकरी राज्य में 2367 करोड़ रुपए की नौ योजनाओं को हरी झंडी देंगे. इस दौरान कई केंद्रीय मंत्री भी वर्चुअल मोड में इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे.

लोकार्पण और शिलान्यास-एनएच 539 के टीकमगढ़-झांसी सड़क पर स्थित जामनी नदी पर पुल का निर्माण, चंदिया घाटी से कटनी बाईपास तक दो लेन सड़क उन्नयन कार्य, एनएच-339 के बमीठा से खजुराहो हिस्से का चार लेन चौड़ीकरण कार्य होगा.इसके अलावा शिलान्यास कार्यक्रम में गुलगंज बायपास से बरना नदी तक दो लेन सड़क उन्नयन कार्य, बरना नदी से केन नदी तक दो लेन सड़क निर्माण, शहडोल से सागर टोला तक दो लेन सड़क उन्नयन, एनएच-44 के अंतर्गत ललितपुर-सागर-लखनादौन खंडे में कुल 23 वीयूपी पुल, एनएच-44 के सुकतारा, खुरई और खवासा के कुल तीन फुट ओवरब्रिज का निर्माण, बंजारी घाटी एनएच-44 पर दो ब्लैक स्पाट का सुधार कार्य होगा.

मध्य प्रदेश में राज्यसभा उम्मीदवारी के लिए कशमकश, कांग्रेस के सामने ये चुनौती

मध्य प्रदेश की खाली हो रही राज्यसभा की पांच सीटों के लिए चुनाव होने वाले हैं. इन स्थानों के लिए दावेदारों के नाम की चर्चा भी शुरू हो गई है. राज्य से राज्यसभा के पांच सदस्यों का कार्यकाल दो अप्रैल को खत्म हो रहा है. इसके लिए चुनाव प्रक्रिया का भी ऐलान कर दिया गया है.इन पांच सीटों में से चार सीटों पर बीजेपी के सांसद हैं, जबकि, सिर्फ एक सीट कांग्रेस के पास है. राज्य में राज्यसभा की जो सीटें रिक्त हो रही हैं, उनसे सांसद वर्तमान में बीजेपी के अजय प्रताप सिंह और कैलाश सोनी हैं, जो राज्य के ही हैं. जबकि, राज्य के बाहर से धर्मेंद्र प्रधान और एल मुरूगन सदस्य हैं. वहीं, कांग्रेस से राजमणि पटेल हैं.विधानसभा में बीजेपी के 163 सदस्य हैं और एक सदस्य के लिए 39 विधायकों का समर्थन जरूरी है, इस तरह बीजेपी के चार और कांग्रेस का एक राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होना तय है. राज्य में हाल ही में

हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी के कई दिग्गजों को हार का सामना करना पड़ा है तो वहीं कांग्रेस के कई दिग्गज भी चुनाव हारे हैं.विधानसभा का चुनाव हार चुके दिग्गज भी राज्यसभा में जाने की जुगत में हैं. इसकी वजह भी है क्योंकि जो विधानसभा का चुनाव हार चुके हैं, उन्हें पार्टी लोकसभा के चुनाव में मौका देगी, इस बात की संभावना कम है.राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बीजेपी इस बार भी राज्य के बाहर के कम से कम दो नेताओं को उम्मीदवार बनाएगी तो शेष दो राज्य के ही होंगे. जबकि, कांग्रेस के सामने बेहतर उम्मीदवार के चयन की समस्या है क्योंकि राजमणि पटेल पिछड़ा वर्ग से आते हैं और कांग्रेस को पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को ही मैदान में उतारने का दबाव है.कांग्रेस पिछड़े वर्ग से ऐसे व्यक्ति को मौका देना चाहेगी, जिसकी पूरे राज्य में पहचान हो और उसका अपना जनाधार भी हो. ऐसा हो पाएगा, यह संभव नहीं है, क्योंकि कांग्रेस के भीतर की राजनीति में ताकतवर नेता नहीं चाहते कि कोई पिछड़े वर्ग का प्रभावशाली चेहरा सामने आए.

सीएम मोहन यादव का मंच से कांग्रेस विधायक को बीजेपी में आने का खुला ऑफर, एमएलए ने दिया ये जवाब

मध्य प्रदेश के जबलपुर शहर में आज आयोजित सड़क परियोजनाओं के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव अलग ही मूड में नजर आए. उन्होंने इस दौरान मंच पर बैठे कांग्रेस विधायक को इशारों-इशारों में बीजेपी में आने का न्योता भी दे दिया. वहीं सीएम मोहन यादव के इस ऑफर के बाद मध्य प्रदेश के सियासी गलियारों चर्चाएं तेज हो गई हैं. राजनीति के जानकार इसके कई मायने निकाल रहे हैं.दरअसल, मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जब अपना संबोधन शुरू किया तो उन्होंने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों की तारीफ करते हुए स्वागत किया. लेकिन, जब मुख्यमंत्री मोहन यादव डिंडौरी विधानसभा क्षेत्र से आने वाले कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मरकाम का नाम ले रहे थे तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा,÷कहां गलत पटरी पर बैठे हो, हमारे साथ आ जाओ, क्या मतलब है.÷

शुरू हो गई चर्चा-सीएम ने मंच से इशारों-इशारों में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस विधायक को बीजेपी में आने का न्यौता दे डाला. मंच पर हुए इस वाकये के बाद राजनीतिक चर्चा में शुरू हो गई. सभा में मौजूद लोगों में सुगबुगाहट होने लग गई.

कांग्रेस विधायक ने क्या कहा-वहीं कार्यक्रम खत्म होने के बाद कांग्रेस विधायक ओंकार सिंह मरकाम से जब मीडिया ने बातचीत की तो उन्होंने भी मुख्यमंत्री को मध्य प्रदेश के विकास पर ध्यान देने की नसीहत दे डाली. साथ ही ओंकार सिंह मरकाम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एजेंडा है जो देश में विपक्ष को नहीं देखना चाहते हैं. वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन के दौरान बीजेपी विधायक सुशील तिवारी इंदु के नाम का भी विशेष तौर पर जिक्र किया. उन्होंने कहा कि पिछली बार मैंने सुशील तिवारी का नाम गलत ले लिया था. उन्हें इंदु तिवारी कहा था, लेकिन इस बार में सही नाम ले रहा ह

सैकड़ों की संख्या में राम मंदिर पहुंच रहे मुस्लिम, लखनऊ से अयोध्या पहुंचा भक्तों का जत्था

लंबे इंतजार के बाद भव्य और दिव्य श्री राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है और राम लला अपने गर्भगृह में विराजमान हो चुके हैं. इसके बाद लगातार अयोध्या से जाति, धर्म और मजहब से ऊपर उठकर संदेश दिया जा रहा है. कोई समूह में चलकर तो कोई पैदल नंगे पाव चलकर अपने-अपने तरीके से आराध्य को खुश करने में जुटा हुआ है. वहीं राम मंदिर पहुंचने मुस्लिम भी पीछे नहीं हैं. लखनऊ से भक्तों का एक जत्था अयोध्या पहुंचा और रामलला का दर्शन पूजन किया. भक्तों ने भगवान से आशीर्वाद मांगा है कि लखनऊ को लखनपुरी के नाम से जाना जाए और वहां पर भगवान लक्ष्मण की प्रतिमा भी लगाई जाए.दरअसल, 25 जनवरी को लखनऊ से निकला सैंकड़ों मुस्लिम भक्तों का जत्था जब 30 जनवरी को रामलला का आशीर्वाद लेने पहुंचा तो हर कोई प्रभू राम के रंग में रंगा दिखा और लखनऊ से अयोध्या

तक मुस्लिम भक्त गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश कर रहे हैं. मुस्लिम भक्त एक दिन में 25 किलोमीटर की यात्रा करते रहे और मुस्लिम समाज के लोग भगवान राम को अपना पूर्वज मानते हैं. अयोध्या राम मंदिर आए भक्तों ने कहा कि आज हम प्रभु राम से यह कामना करेंगे की लखनऊ का नाम लक्ष्मण पुरी किया जाए और लक्ष्मण की प्रतिमा लगाई जाए भक्तों ने कहा कि भगवान राम को लेकर के हमारे मन में बहुत ही प्रेम है और उत्साह भी है. प्रभु राम के नाम में म शब्द पहले से ही जुड़ा है मुसलमान तो पहले से ही समाहित है प्रभु श्री राम का पूरा जीवन न्याय और तपस्या पर आधारित है. हिंदू और मुस्लिम सभी के लिए राम हैं. राम पहले भी थे और आज भी हैं.

नगर के प्राचीन श्री गणेश मंदिर पर हुआ श्री गणेश का भव्य श्रृंगार एवं दर्शन

सिरोंज। संकट चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को रात्रि में नगर के प्राचीन मंदिर श्री गणेश मंदिर गणेश की अथांई पर भगवान श्री गणेश का भव्य श्रृंगार एवं पूजन अर्चन हुआ। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नलिनीकांत शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारों से भगवान श्री गणेश की पूजन अर्चना एवं आरती की साथ ही कथा का वाचन भी किया गया।

देर रात्रि तक हुई सुमधुर भजनों की प्रस्तुति -इस अवसर पर मंदिर में नगर के सुविख्यात भजन मंडली के कलाकारों द्वारा देर रात्रि तक सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने भी उपस्थित होकर भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन एवं आरती कर भजनों का आनंद उठाया एवं उपस्थित कलाकारों का केसरिया

पटका उड़ाकर स्वागत किया। माघ का महीना बहुत ही पवित्र होता है। इस अवसर परउन्होंने कहा की सनातन धर्म की दृष्टि से माघ का महीना बहुत ही पवित्र माना जाता है इस महीने में पवित्र तीर्थ एवं गंगा नदी में स्नान करने का बड़ा महत्व है। माघ कृष्णपक्ष की संकट चतुर्थी के दिन तिल और गुड़ से बने हुए मिष्ठान भगवान श्री गणेश को अर्पित करने से बहुत ही पुण्य प्राप्त होता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राचीन लोकगीत एवं फागगीत हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान हैं जो धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है इसलिए हमारे कलाकार अपने गीतों में फिल्मी गीतों की तर्ज के अलावा अपनी प्रस्तुति में प्राचीन लोकगीतों को भी महत्व दें। तो बहुत अच्छा होगा। इस अवसर पर उन्होंने गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पांडे एवं उपस्थित कलाकारों का शाल एवं पटका भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसादी वितरण हुआ इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर के धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।

भजनों पर झूमे श्रद्धालु

दैनिक पुष्पांजली टुडे

बेंगलूरू । श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य पर श्री राम पुरम में विशाल भजन संध्या बैंगलुरु गौभक्त श्रीराम पूरम के नवयुवक मंडल की ओर से श्री रामजी के नाम पर गणैश मंदिर में शाम को विशाल भजन संध्या रखी गई। जिसमें श्री रामजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना की गई । जिसमें महादेव भजन मंडली के भजन गायक राजुराम चोयल बासनी जोधराज एवं ओमप्रकाश पंवार रमेश पंवार हनुमानराम पंवार ने भजनों की प्रस्तुति दी गई। जिसमें जय जय श्री राम के नारो से पुरा पंडाल गूंज उठा श्रद्धालुओं को झुमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर श्री राम पुरम के गौभक्त अशोक कुमार जैन रमेश पंवार इन्द्र सिंह विक्रमसिंह ओमजी मुलेवा तारजी सोलंकी मांगीलाल उदय सिंह रविन्द्र सिंह भरतसिंह विक्रम सिंह उतम सिंह महेन्द्र सिंह भेरुकुमार सुरेश कुमार एवं महिलाओं एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया इस अवसर पर दुसरे दिन प्रसादी रखी गई।

अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त दो पहिया तथा चार पहिया वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में परिवहन विभाग द्वारा अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।यदि निर्धारित समय के पश्चात् हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के बगैर कोई भी वाहन सड़क पर संचालित होते पाया गया तो उसके विरुध्द नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती ऋतु अग्रवाल ने बताया कि नई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने के लिए केवल ऑनलाइन वेबसाइट 222 पर आवेदन कर संबंधित वाहन के डीलर पर अथवा अपने पते पर नंबर प्लेट की डिलेवरी का चुनाव कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट का ऑर्डर कर सकते हैं।

हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगवाने के लाभ-हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट को बहुत आसानी से बदला नहीं जा सकता क्योंकि यह नंबर प्लेट एक खास तरीके से लगाई जाती है। एचएसआरपी प्लेट की मदद से वाहन काफी सुरक्षित हो जाता है और चोरी होने की संभावना काफी कम हो जाती है। चार पहिया या हेवी मोटर वाहन में नंबर प्लेट वाला एक स्टिकर भी मिलेगा, जिसे कार के सीसे पर लगाना होगा। जिसमें पंजीकरण प्राधिकारी का नाम, पंजीकरण संख्या, ब्रांड की स्थायी पहचान संख्या और सबसे पहले रजिस्ट्रेशन की तारीख लिखी जाएगी। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के माध्यम से वाहन की पूरी जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट में यूनिक डिजिटल कोड के माध्यम से वाहन चालक की जानकारी भी निकाली जा सकती है।प्लेट जारी होने पर वाहन और जनहित वाहन अपराधों पर लगेगी रोक इस कोड से किसी भी वाहन का केंद्रीय रिकॉर्ड देखने में आसानी होगी।

युवा भाजपा नेता मांगीलाल चौधरी ने किया बोरूंदा क्षेत्र का दौरा

दैनिक पुष्पाजंली टुडे

पाली -उत्तर प्रदेश भाजपा आईटी सेल के पूर्व प्रदेश सह प्रमुख एवं आगामी पाली लोकसभा क्षेत्र से सांसद की चुनाव तैयारी कर रहे युवा भाजपा नेता मांगीलाल चौधरी बिजोवा ने किया बोरूंदा क्षेत्र का दौरा, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से किया स्वागत। मांगीलाल चौधरी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं किसानों एवं मजदूर वर्ग से मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की । स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में व्याप्त अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।जैसा कि ज्ञात रहें बोरूंदा क्षेत्र में राजस्थान का अच्छे किस्म का लाइम स्टोन निकलता है और सरकारी स्तर पर सिर्फ बड़े स्तर पर जमीन धारकों को ही लीज मिलती है छोटे भूमिधारको को नहीं, मांगीलाल चौधरी ने आश्वासन दिया कि मुद्दे का उचित समाधान का प्रयास किया जायेगा। एक बोरूंदा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की फसलों का भी व्यापक उत्पादन होता है जिसको बेचने हेतु कृषि मंडी की अनुपलब्धता के कारण दूसरी जगह जाकर बेचना पड़ता है। इससे किसान वर्ग को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । मांगीलाल चौधरी ने कृषि मंडी के लिए जमीन आवंटित करवाने के जो भी आवश्यक कार्रवाई करवानी है वो भरसक प्रयास किए जाएंगे।इस मौके पर बहादुर सिंह, देवीलाल कच्छावा, ओमप्रकाश भंवरिया,भीख सिंह, शैतान सिंह, हेमंत, रामसिंह मेहरू, छैलसिंह मेड़तिया, नवरत्न सिंह,नंद किशोर टांक,डीसी आर्य, भेराराम जोशी, सुरेंद्र वैष्णव,चंदन सिंह शेखावत, राजेन्द्र टांक,मगराज,प्रताप सिंह, कुलदीप शर्मा,महेश दाधिच, रामनिवास,पवन सिसोदिया वह हनुमान पेमावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खरगोन पुलिस द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लघंन करने वाले 01 आरोपी को किया गिरफ्तार

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

थाना कसरावद खरगोन पर की गई जिला बदर के आरोपी पर कार्यवाही

गिरफ्तारशुदा आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत की गई कार्यवाही

खरगोन पुलिस द्वारा लगातार की जा रही है कार्यवाही

पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह द्वारा जिले में गुण्डा बदमाश की चैकिग कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्ड्रसिंह बघेल, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया व समस्ड्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियो को प्रभावी कार्यवाही

करने हेतु आदेशित किया गया है । इसी तारतम्य मे थाना कसरावद खरगोन पर जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते 01 बदमाश को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की गई है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 29.01.2024 को मुखबीर द्वारा सूचना मिली की जिला बदर आदेश पारित बदमाश अखिलेश पिता रमेशचंद्र जायसवाल उम्र 40 साल निवासी ग्राम डेडगॉव खरगोन रोशन गार्डन के सामने घुम रहा है । मुखबीर की सूचना पर जिला बदर बदमाश की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कसरावद के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठीत की गई । गठीत टीम मूखबीर के द्वारा बताये स्थान रोशन गार्डन के पास जाकर अखिलेश जायसवाल को घेराबंदी कर पकडा । जिला बदर आदेश का उल्लंघन कर खरगोन आने के औचित्य के बारे में पुछने पर कोई जानकारी नही दी आरोपी अखिलेश जायसवाल द्वारा माननीय जिला दण्डाधिकारी महोदय न्यायालय खरगोन के जिला बदर आदेश का उल्लघन करना पाया जाने पर उसे गिरफ्तार कर अनावेदक के विरुद्ध अपराध धारा ङ्क म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

पुलिस टीम-उक्त की गई कार्यावाही में एसडीओपी श्री मनोहर गवली के निर्देशन एवं थाना प्रभारी एमआर रोमड़े के नेतृत्व मे उनि. अजय भाटिया , उनि.राजेन्द्र द्वह्वअवास्या, , प्र.आर. महेश मालवीय, आर. विक्कू गाठे , आर जितेंद्र आदि सहित थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा ।

जनसुनवाई में सुनी गई आवेदकों की समस्याएं,जनसुनवाई में 79 आवेदकों ने दिया आवेदन

खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे

प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई की कड़ी में आज 30 जनवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल ने अन्य अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में 79 आवेदकों ने अपने समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं। जनसुनवाई में खरगोन निवासी राकेश पिता शेरसिंहपुरा शिकायत लेकर आया था कि वह लोक निर्माण ऑफिस खरगोन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उसके द्वारा पारिवारिक जरूरतों के लिए बैंक ऑफ इंडिया शाखा खरगोन से 03 लाख रुपये का ऋण लिया गया था।

14 जुलाई 2023 को बैंक कर्मचारी विक्की चौहान द्वारा उसे सूचित किया गया कि उसके खाते में 03 लाख रुपये की राशि जमा हो गई है। जब वह बैंक से राशि लेकर बाहर आया तो विक्की चौहान द्वारा उससे 01 लाख 50 हजार रुपये ले लिए गए हैं। अब वह राशि वापस नहीं कर रहा है। उसके द्वारा कहा जा रहा है कि 01 लाख 50 हजार रुपये की राशि बैंक ऋण मंजूर करवाने का कमिशन थी। अतः उसकी यह राशि उसे शीघ्र वापस दिलाई जाए। ग्राम लोनारा के लखन यादव शिकायत लेकर आये थे कि बरूड़ फाटे से लगकर सेगांव तक हर ढाबे पर बिना लायसेंस के शराब का विक्रय किया जा रहा है और मांस भी बेचा जा रहा है। अतः इस पर संज्ञान लेकर ढाबे पर बिना लायसेंस के शराब और मांस का विक्रय रोका जाए। जनसुनवाई में आभापुरी खरगोन के 70 वर्षीय बुजुर्ग भारत सिंह राजपुत बैटरी चलित ट्राईसिकल दिलाने की मांग लेकर आए थे। उनका कहना था कि वे दोनों पैरों से विकलांग है और किसी सहारे के बगैर चल नहीं सकते हैं। इस प्रकरण में उप संचालक सामाजिक न्याय को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

कांग्रेस ने मनाई राष्ट्रपति महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई उक्त श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी मौजूद रहे।इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व मंत्री चौ राकेश सिंह ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सबसे पहले स्वच्छताका संदेश दिया उन्होंने छुआछूत को खत्म करते हुए आजादी की लड़ाई में अहिंसा का भी पाठ पढ़ाया उन्होंने अंग्रेज शासन काल में नमक पर लग रहे टेक्स को दूर करने के लिए सत्याग्रह किया भारत एवं भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के एक प्रमुख राजनैतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा ने कहा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी सत्याग्रह (व्यापक सविनय अवज्ञा) के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार के अग्रणी नेता थे, उनकी इस अवधारणा की नींव सम्पूर्ण अहिंसा के सिद्धान्त पर रखी गयी थी जिसने भारत को भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम दिलाकर पूरे विश्व में जनता के नागरिक अधिकारों एवं स्वतन्त्रता के प्रति आन्दोलन के लिये प्रेरित किया। उन्हें संसार में साधारण जनता महात्मा गांधी के नाम से जानती है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्रीइरशाद अहमद,जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा,सेवादल अध्यक्ष संदीप मिश्रा,समाज कल्याण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह भदौरिया रानू ,विनोद जाटव,कमलेश जाटव,अनिरुद्ध त्रिपाठी,अशोक गुप्ता कामिल खान,पिंटू शर्मा,मनोज जैन, मामा ,बृजेश जैन,दर्शन सिंह तोमर,सुनील शर्मा, बृजेश कुमार,मोहम्मद इरफान गममू , हरिशंकर तिवारी, गोविंद राजावत गोलू सुनील कुमार राकेश कुमार प्रेमकुमार कासिम खान आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

क्वार्टर फाईनल में मप्र फास्ट फाईव नेटबॉल टीम ने बनाई जगह

बोरावां में होगी राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापना - अरूण यादव

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे

खरगोन/जवाहरलाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बोरावां में विगत 28 जनवरी से प्रारंभ राष्ट्रीय नेटबॉल फास्ट फाईव स्पर्धा के अंतर्गत आयोजित क्वार्टर फाईनल में बालिका वर्ग में मध्य प्रदेश , हरियाणा , केरला, हिमाचल , तेलंगाना , राजस्थान, उत्तर प्रदेश , पंजाब एवं बालक वर्ग में मध्य प्रदेश, चण्डीगड़ , हरियाणा , कर्नाटक, जम्मूकश्मीर, तेलंगाना , राजस्थान और केरल की टीमों ने स्थान सुनिश्चित कर लिया है । पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव ने राष्ट्रीय नेटबॉल स्पर्धा के लिए जेआयटी पहुंचे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं आश्वस्त किया कि बोरावां में जल्द ही राष्ट्रीय खेल अकादमी की स्थापित की

जाएगी । प्रदेश के सचिव लक्ष्मण दातिर ने प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन छोटे जिलों में किया जाये तो बड़ी प्रतिभाएं बाहर आएंगी । भविष्य में जेआयटी बोरावां में नेटबॉल की इण्डिया टीम का कैम्प भी आयोजित किया जायेगा । जिस प्रकार संस्था एवं अरूण यादव जी का जो सहयोग प्राप्त हुआ है । भविष्य में भी प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी । जिससे ग्रामीण प्रतिभाएं प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करेंगें । राष्ट्रीय नेटबॉल विकास समिति के अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने आश्वस्त किया कि भारतीय नेटबॉल संघ द्वारा एकेडमी प्रारंभ किये जाने हेतु पूर्ण सहयोग किया जावेगा ।इस अवसर पर धार नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय थोरात, आकाश चौहान , अभिषेक मुकाती , सुमित खिची, प्रणव भोंडवे एवं सुमित बोराडें ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया । इस अवसर पर कपिल शाह, स्वपनिल वराडे भी उपस्थित थे ।

जतिन थोरात
आयोजन सचिव

शेठ एम.एन हाईस्कूल, पाटन में 75वां गणतंत्र दिवस समारोह पर्व मनाया गया।

भारत के युवाओं के सकारात्मक आत्मनिर्णय और स्वकर्म से ही भारत विश्व गुरु बनेगा - आचार्य : धनराज ठक्कर

ब्यूरो रीपोर्ट दैनिक पुष्पांजली टुडे

पाटन/गुजरात। उत्तर गुजरात युवक मंडल द्वारा संचालित शेठ एम.एन हाईस्कूल, पाटन में हमारे देश का 75वां राष्ट्रीय दिवस भव्य रूप से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के आचार्य, शिक्षक, हमारी सहयोगी संस्था एन.जी. प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य श्री वसंतभाई सहित उनके स्टाफ मित्र, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विद्यालय में विद्यार्थियोंने राष्टके प्रति प्रेम दर्शाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे ध्वजारोहण, सामूहिक राष्ट्गान, विशेष भाषण, रंगोली सजावट आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कैडेट अधिकारी श्री वीरमजी ठाकोर और डॉ. गायत्रीबेन रावल के नेतृत्व में एनसीसी कैडेटों की परेड से हुई,जिसके बाद स्कूल के आचार्य धनराजभाई ठक्कर ने सांस्कृतिक परिधानमें सज्ज ध्वजारोहण किया और राष्ट्गान के साथ सलामी दी. विद्यालय के सारथी आचार्यश्री धनराजभाई ठक्कर ने सर्वप्रथम समस्त विद्यालय परिवार को संबोधित किया। 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उन्होंने देश की आजादी की नींव रखने वाले वीर सपूतों और देश के संविधान निर्माताओं की स्मृति को नमन

किया और सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले और इस आजादी को हासिल करने वाले वीरों को नमन करते हुए मुझे आज गर्व महसूस हो रहा है, किसी मां का बेटा, किसी बेटे का भाई और किसी पत्नी का पति, इस अग्नि में आहुति बनकर भस्म हो गए, क्योंकि यही उनका सपना था, मेरा भारत आज़ाद हो गया. वर्षों की गुलामी के बाद हमारा देश आजाद हुआ। हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। और हमारा देश एक गणतंत्र राष्ट्र बन गया। आजका दिन सभी भारतीयों के लिए खुशी और गर्व का दिन है। हमारा देश युवाओं का देश है...आज जब हमारा देश आजादी के अमर युग में विकास के स्वर्ण युग के शिखर पर पहुंच गया है और एक सशक्त भारत बन गया है, तो भारत की युवा शक्ति भी अपनी सशक्त शक्ति से देश की रक्षा करने में सक्षम है। इस शुभ दिन पर भारत की महिमा और दिव्यता को संरक्षित करने वाले लोगों को सलाम... जब हमारा देश विश्वगुरु बनने जा रहा है तो यह हम सभी का दायित्व है कि विश्वगुरु बने के यज्ञ में हम सभी सकारात्मक संकल्प और आत्मसंयम रखें। यथाकिंचित् को कर्मों द्वारा अर्पित किया जाना चाहिए। आइए आज के दिन हम सब छोटे-छोटे संकल्प लें कि मैं कहीं भी कूड़ा नहीं फेंकूंगा, मैं भ्रष्टाचार नहीं करूंगा, मैं रिश्वत नहीं दूंगा और न ही लूंगा, पानी का सदुपयोग करूंगा आदि...आओ, देश की एकता और अखंडता के लिए देश, ÷एक भारत, श्रेष्ठ भारत÷ और विकसित भारत के सपने को साकार करें समस्त विद्यालय परिवार, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थी मित्रों ने आज का गणतंत्र दिवस राष्ट्र प्रेम के जयनाद के साथ मनाया। आज का स्वतंत्रता दिवस अविस्मरणीय, खास और बहुत बड़ा होने वाला है. कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई खिलाकर कार्यक्रम का समापन किया गया...

गोहद पुलिस ने जुए के फड पर मारा छापा, एक दर्जन आरोपी गिरफ्तार

दो आरोपियों को घायल होने पर किया ग्वालियर रेफर

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गौहद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरथरा रोड वार्ड नंबर 2 में जुए के फड पर पुलिस ने छापा मार कार्रवाई की कार्यवाही में एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया आरोपियों के कब्जे से 1,97,000 जप्त किए जानकारी के अनुसार बरथरा रोड स्थित गुड्डू बाथम के घर में कुछ लोग हार जीत का दांव लगा कर जुआ खेल रहे थे !मुखबर की सूचना पर गोहद एसडीओपी सौरव कुमार पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए स्थान पर छापामार कार्रवाई की जहां जुआ खेल रहे आरोपीगढ़ को जाहिर खान पुत्र अली हसन उम्र 25 वर्ष निवासी आपा की तकिया वार्ड नंबर 2 गोहद, उमाशंकर पुत्र सुदामालाल उम्र 55 वर्ष ग्राम बहुआ थाना मेहगांव अजय कुशवाहा पुत्र दाताराम कुशवाहा उम्र 29 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 12 छेकुर वाले हनुमान जी मंदिर कमल वाथम पुत्र नारायण बाथम उम्र 55 वर्ष बरथरा रोड गोहद रिंकू बाथम पुत्र शिवचरण बाथम उम्र 24 वर्ष



निवासी वार्ड नंबर 2 पंचमपुरा गोहद, किशुन प्रसाद शर्मा पुत्र शिवनारायण शर्मा उम्र 50 वर्ष बिरखड़ी बृजमोहन जाटव पुत्र मोहर सिंह उम्र 26 वर्ष निवासी कीरतपुरा, प्रदीप उर्फ पंचम पुत्र कमलेश सिंह जाटव 23 वर्षवार्ड नंबर 17 ,श्याम सोनी पुत्र सुरेश चंद्र सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी कोंच जालोन,बंटी उर्फ सत्य प्रकाश शर्मा पुत्र रमेश शर्मा उम्र 36 वर्ष निवासी खनेता ,बालकृष्ण उच्चाडिया, राहुल राठोर को गिरफ्तार किया वही लगभग तीन जुआरी भागने में सफल हो गए जिसमें दो लोग पुलिस को देख छत से कूद गए छत से कूदने से बालकृष्ण उच्चाडिया, राहुल राठोर घायल हो गए! जिनका उपचार कराया जा रहा है पुलिस ने उक्त आरोपियों के कब्जे से 1,97,000 रुपए 11 एंड्रॉयड 4कीपेड मोबाइल एवं एक बाइक 11ताश की गड्डी जप्त की सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है

आचार्य रामसुशील मिश्र का जन्मदिन का भव्य कार्यक्रम विभिन्न प्रदेशों के साथ विदेश तक से शुभकामना और बधाई मिली

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
विशेष कार्यक्रम जन्मभूमि लटियार कुटी पर यज्ञ ,दीपदान का कार्यक्रम रखा गया ।रविचन्द्रदास पुजारी जी ने बताया सनातन धर्म का प्रचार प्रसार देश - विदेश तक करने वाले विन्ध्य के गौरव हर वर्ग की आवाज को मजबूती से बुलन्द करने वाले सिरमौर विधानसभा रीवा जिले के जन सेवक आचार्य रामसुशील मिश्र का जन्मदिन कार्यक्रम प्रयाग माघ मेले में विशेष कार्यक्रम रखा गया जो इस प्रकार हैं अंकपत्र के अनुसार जन्मदिन कार्यक्रम 30 जनवरी है, और जन्म कुंडली से 9 मार्च और उसी दिन विवाह की वर्षगांठ भी होती है । जब पत्रकार बन्धुओं ने चर्चा के दौरान पूछा इतना बड़ा कार्यक्रम तो किसी नेता ,मंत्री का भी नही होता आपका इतना बड़ा प्रतिवर्ष मनाया जाता है इसका कुछ जानकारी दे ,आचार्य रामसुशील मिश्र ने कहा 362 दिन समाज के बाकी 1 दिन मेरा और परिवार के लिए निकालते हैं ।इसके पीछे सबसे बड़ा कार्य की सफलता यह हैं कि मुझे सन्त श्री नरसिंहदास आश्रम का अध्यक्ष बनाया गया हैं ,जहाँ लोग रहना नही चाहते तरह - तरह से अक्षेप लगते हैं उस जिम्मेदारी को मैंने साफ सुधरा कार्य किया जिसमें सभी वर्ग के लोग प्रसन्न है । और आश्रम का माघ मेले में कैम्प भी इसी वर्ष लगा ,और 30 जनवरी को मैंने आश्रम की जिम्मेदारी संभाली थी ,इसके चलते आश्रम के लोग भक्त कार्यकर्ता के साथ माँ बगलामुखी मंदिर सुशान्त विहार के भक्त शिष्यों की बहोत इच्छा थी कि

कार्यक्रम बृहद न हो तो कुछ ऐसा रखा जाए जिससे हम लोग भी पुण्य के सहभागी बन सके तो । सभी लोग प्रयागराज आये संगम स्नान,लेटे हनुमानजी का दर्शन, सुंदरकांड पाठ, नारायण कवच पाठ ,हवन,रुद्राभिषेक ,भण्डारा सन्त ब्राह्मण ,गौ सेवा के साथ दीपदान किया ।

1) प्रातः 09 बजे ड़ड़ प्रयागराज संगम स्नान
2) प्रातः 10 बजे ड़ड़ लेटे हनुमानजी दर्शन पूजन सुन्दरकाण्ड
3)प्रातः 11ः30 बजे ड़ड़ 108 नारायण कवच पाठ हवन
4) 01बजे दोपहर ड़ड़ ड़ाक चौक सन्त आशीर्वाद कार्यक्रम
5) 2 बजे दोपहर ड़ड़ सन्त श्री नरसिंहदास सिद्ध आश्रम कुटी,कैम्प पर रुद्रा अभिषेक
6) सायं 03बजे ड़ड़ भोजन प्रसाद भण्डारा प्रयाग
7) सायं 04ः30 बजे ड़ड़ नरसिंहदास कुटी पनवार पूजन हवन
8) शाम 06 बजे ड़ड़ सन्त नरसिंहदास कुटी पनवार दीपदान
9)रात्रि 08 बजे ड़ड़ प्रयागराज गंगा आरती दीपदान
10) रात्रि 10 बजे ड़ड़ भोजन प्रसाद

सभी महामंडलेश्वर ,महंत ,कोतवाल, साधु समाज ,विप्र देवता,भक्त जन श्रद्धालुओं ,शिष्यों ,परिवार जन,क्षेत्रवासियों की शुभकामनाएं को हृदय से स्वीकार करके आभार प्रकट करता हूं यथा योग्य आशीर्वाद भी लिया । सर्वप्रथम पूज्यगुरुदेव धर्मसम्राट करपात्री धाम पीठाधीश्वर श्री सर्वेश्वर चैतन्य ब्रह्मचारी जी का आशीर्वाद लिया,फिर महामंडलेश्वर जगद्गुरु सतुआ बाबा जी की शुभकामनाएं आशीर्वाद, महामंडलेश्वर श्री पुरुषोत्तम दास जी,स्वामी राम हृदय दास जी,महामंडलेश्वर श्री रामनरेश दास जी विभिन्न सन्त मंडली का आशीर्वाद मिला सभी का फोन और सोशल मोडिया के माध्यम से शुभकामना मिला पुनः आप सभी का आभार सभी अधिकारी जन विधायक ,सांसद ,पार्षद, सरपंच जन प्रतिनिधियों का भी आभार ।

मनगवा एसडीएम पीएस त्रिपाठी ने किया गौशाला बांस को जाने वाली सड़क का निरीक्षण

रीवा(पुष्पांजली टुडे)

।मिली जानकारी के मुताबिक गंगेव जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बांस में स्थित गौशाला को रास्ता अवरुद्ध है। इसी मामले की जानकारी ग्राम पंचायत बांस द्वारा नायब तहसीलदार गंगेव सहित मनगवा एसडीएम सहित रीवा कलेक्टर को दी थी।कलेक्टर रीवा के निर्देशन पर एसडीएम मनगवा पीएस त्रिपाठी ने मंगलवार को ग्राम पंचायत बांस पहुंच कर स्थल का मोका किया साथ ही पाया की गौशाला को जाने वाली सड़क 12 फीट चौड़ाई सहित 10 फीट लबाई में व्यवधान पैदा है। आपको बता दें, मौके पर नायब तहसीलदार गंगेव संध्या सिंह सहित आर आई कमलेंद्र सिंह,हल्का पटवारी बांस कौशल कोल सहित लालगांव चौकी इंचार्ज रंजीत सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।हाला की आज भी समस्या का समाधान नहीं हो पाया , एसडीएममनगवा द्वारा संबंधित जानकारी कलेक्टर रीवा को प्रेषित करेंगे ऐसा आश्वासन मिला है साथ ही गौशाला को जाने के लिए रास्ता संबंधित विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करके जल्द सड़क निर्माण सुरु करने की बात कही है।।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 77वीं पूर्णतिथि

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
जिला कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 77वीं पूर्णतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन जिला कांग्रेस कार्यालय में शिव प्रसाद प्रधान प्रदेश महामंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व शहर अध्यक्ष अब्दुल शहीद मिस्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों को सम्बोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रसांगिक हैं। यदि हम उनके विचारों एवं सिद्धान्तों को आत्मसात कर अपने जीवन में उतारने का प्रयास करे तो वर्तमान समय में देश में धर्म, जाति, सम्प्रदाय, के नाम पर जो विक्रितियां पैदा हो गयी है उन्हे आसानी से दूर किया जा सकता हैं। आज देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा हैं, देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर करने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शो पर चलने की आवश्यकता हैं। अपने अध्यक्षीय उद्धबोधन में श्री अब्दुल शहीद मिस्त्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अंहिसा का पुजारी बताया और उनके आदर्शो पर चलने की सभी से गुजारिश की। प्रारंभ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर मुख्य आतित्य द्वारा माल्यार्पण कर सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने पुष्पंजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण तिवारी ने किया जबकि आभार प्रदर्शन संगठन मंत्री सज्जन पटेल ने किया। अंत में बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम के गायन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश पदाधिकारी

गोविंद दास तिवारी, बृजभूषण शुक्ला, कविता पाण्डेय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष वसीम राजा ब्लॉक अध्यक्ष रामकीर्ति शर्मा, अखिलेश द्विवेदी काकू, नरेन्द्र सिंह तिवारी, कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय महासचिव लाल जी मिश्र, नर्मदेश्वर प्रसाद पाठक, कार्यकारी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुन्दर लाल चौधरी, बृजेन्द्र शुक्ल, मुस्तहाक खान, लियाकत अली, डॉ. विमल दुबे, नरेश गुप्ता, अशोक सिंह बुढवा, जी.पी. त्रिपाठी, लाल जी मिश्रा, अंजनी द्विवेदी, रोहन जॉन, मुनिन्द्र तिवारी, डॉ. स्वतंत्र सिंह, जय सिंह, नरेश तिवारी, आर.एस. तिवारी, नारायण नाथ तिवारी, एस.बी. पाण्डेय, मोहम्मद शबीर अंसारी, राखी पाण्डेय, शिवेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, आनंद कुशवाहा, पवन तिवारी, गुले अहमद, प्रेमलाल विश्वकर्मा, सुनील द्विवेदी, राजेन्द्र सिंह रिमारी, रोहित शुक्ला, रावेन्द्र समुन्द्रे, अजय सिंह, मकदूम खान, भगवान सिंह तिवारी, सुनील दुबे, केशव वर्मा, भूपेष दुबे, शिवशंकर मिश्रा, जय प्रकाश श्रीवास्तव, रामबहोर साकेत, दिलदार साकेत, प्रिंस मिश्रा, छोटेलाल तिवारी, डॉ. सुरेन्द्र मिश्रा, रामाधार वर्मा, कौशल मिश्रा, सौरभ पाण्डेय, रामाधार शर्मा, अमित कोल, सुतीक्षण सोहगौरा, सुनील तिवारी, पूर्णेन्द्र द्विवेदी, संजय तिवारी, तनवीर अहमद खान आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहें।
भवदीय
जिला कांग्रेस कमेटी
जिला रीवा (म0प्र0)

नारायण सिंह रोजगार सहायक एवं निर्मला विश्वकर्मा सचिव, ग्राम पंचायत खैरा जनपद पंचायत नागौद जिला सतना को 04 वर्ष का सश्रम कारावास व 20,000 रुपए के अर्थदंड की सजा

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
लोकायुक्त रीवा में पंजीबद्ध भ्रष्टाचार के प्रकरण में माननीय विशेष न्यायालय सतना द्वारा दिनांक 30.01.2024 को पारित निर्णय में आरोपिया श्रीमती निर्मला विश्वकर्मा सचिव एवं आरोपी श्री नारायण सिंह ग्राम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खैरा जनपद पंचायत नागौद जिला सतना को धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ड़5,000-5000 के अर्थदंड तथा धारा 13(1)डी एवं 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 4-4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं ड़5000-5000 के अर्थदंड से दंडित किया गया है7 आरोपीया श्रीमती निर्मला विश्वकर्मा सचिव एवं आरोपी श्री नारायण सिंह रोजगार सहायक ग्राम पंचायत खैरा द्वारा शिकायतकर्ता श्री मनोज बागरी से उसके पिता की भूमि पर ग्राम पंचायत की तरफ से मेढ़ बंधान का कार्य कराने के एवज में श्रीमती निर्मला विश्वकर्मा सचिव द्वारा ड़1500 एवं नारायण सिंह रोजगार सहायक द्वारा ड़1000 रिश्वत की मांग की गई थी, जिन्हें दिनांक 30/9/15 को रिश्वत की राशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, जिस पर अपराध क्रमांक 456/2015 पंजीबद्ध कर माननीय विशेष न्यायालय सतना में दिनांक 20.07.2022 को चालान प्रस्तुत किया गया था माननीय विशेष न्यायालय सतना द्वारा विचारण उपरांत दिनांक 30.01.2024 को निर्णय पारित किया गया है

कलेक्टर ने दो समिति प्रबंधकों को दिया नोटिस

रीवा। धान उपार्जन के दौरान जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा खरीदी केन्द्रों का लगातार निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई केन्द्रों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। जिसके कारण कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन आधार पर दो खरीदी केन्द्र प्रभारी एवं समिति प्रबंधकों को कारण बताओ नोटिस दिया है। जारी अलग-अलग नोटिस के अनुसार समिति प्रबंधक विपणन सहकारी समिति सेमरिया के खरीदी केन्द्र सतगुरू वेयरहाउस सेमरिया का निरीक्षण करने पर कई अनियमितताएं पाई गईं। खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं नहीं मिलीं। धान की बोरियों की रैण्डम तौल करने पर मानक से कम मात्रा में धान पाई गई। भण्डारण के लिए तैयार बोरे में लगे टैग पर किसान का पंजीयन कोड अंकित नहीं पाया गया। धान की खरीदी केन्द्र के स्थान पर गोदाम के अंदर संपन्न की जा रही थी। इसी तरह सेवा सहकारी समिति भमरा द्वारा उपार्जन केन्द्र सदगुरू वेयरहाउस सेमरिया का निरीक्षण करने पर भी कई अनियमितताएं पाई गईं। खरीदी केन्द्र परिसर में 6 हजार क्विंटल उपार्जित धान की बोरियाँ बिखरी हुई पाई गईं। इनकी स्टैगिंग नहीं की गई थी। केन्द्र में तौल के लिए लगाए गए उपकरणों में नापतौल विभाग का सत्यापन नहीं पाया गया। बोरियों की रैण्डम तौल में निर्धारित मात्रा से कम मात्रा में धान पाई गई। इन सभी को गंभीर अनियमितता तथा उपार्जन नीति की कण्डिकाओं का उल्लंघन मानते हुए नोटिस जारी किया गया है। नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर संबंधित समिति को उपार्जन से ब्लैक लिस्ट करने, संस्था को प्राप्त होने वाले मूवमेंट व्यय में कटौती तथा अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

केन्द्रीय जेल में मनाया गया शहीद एवं विश्व मद्यपान निषेध दिवस

रीवा(पुष्पांजली टुडे)।
केन्द्रीय जेल रीवा में आज 30 जनवरी को शहीद एवं विश्व मद्यपान निषेध दिवस के अवसर पर सायरन बजाकर 2 मिनट का मौन रखा गया। शहीद दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। साथ ही विश्व मद्यपान दिवस निषेध दिवस के अवसर पर डॉ. राजकुमार मिश्र चिकित्साधिकारी एवं डॉ. जैनुल खान तथा अधीनस्थ स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गयी। नशा मुक्ति कार्यशाला में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय द्वारा नशा से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा मुक्ति के संबंध में जेल में परिरूद्ध बंदियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक एस.के. उपाध्याय, संजीव कुमार गेंदले, योगेन्द्र पमार, श्याम सिंह कुशवाह, उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने स्वसहायता समूह अध्यक्ष को दिया नोटिस

रीवा। समर्थन मूल्य में धान उपार्जन का कार्य सहकारी समितियों के साथ-साथ स्वसहायता समूहों के माध्यम से कराया गया। उपार्जन की अवधि में जिला स्तरीय अधिकारियों ने खरीदी केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वसहायता समूह में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्वसहायता समूह के अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस के अनुसार 17 जनवरी को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा खरीदी केन्द्र पथरहा का निरीक्षण किया गया। इसका संचालन जय रोशन स्वसहायता समूह पथरहा द्वारा किया जा रहा था। निरीक्षण में पाया गया कि खरीदी केन्द्र निर्धारित स्थल पथरहा में नहीं बनाया गया है। उसके स्थान पर ग्राम महुआ में खरीदी की जा रही थी। खरीदी केन्द्र में बिना सूचना दिए मनमाने तरीके से परिवर्तन करने पर समूह के अध्यक्ष तथा खरीदी केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। नोटिस का तय समय सीमा में संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर समूह को ब्लैक लिस्टेड करने, जमा की गई सुरक्षा निधि 10 लाख रुपए को राजसात करने तथा अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्ट्रेट में राष्ट्रपिता तथा शहीदों को दी गई मौन श्रद्धांजलि

रीवा। देश भर में 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस तथा देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को सम्मान देने के लिए शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में सभी कार्यालयों में प्रातः 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को नमन किया गया।

जन सुनवाई में 61 आवेदन पत्रों में हुई सुनवाई

रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए जन सुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले तथा डिप्टी कलेक्टर आरके सिन्हा ने आमजनता के 61 आवेदन पत्रों में सुनवाई की। जन सुनवाई में भागवत प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम देवरा ने उनकी निजी भूमि पर सरपंच द्वारा अवैध रूप से कराए जा रहे सड़क निर्माण को रोकने के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को मौके पर जाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। भगवानदीन खरे निवासी मनगवां ने नक्शा तरमीम के लिए आवेदन दिया। एसडीएम मनगवां को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जन सुनवाई में नारायण प्रसाद खरे निवासी अमहा ने उनके स्वामित्व की जमीन पर धोखाधड़ी करके अन्य व्यक्तियों द्वारा बैंक लोन लेने की शिकायत की। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार मनगवां को आवेदन में जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिए। राजबहोर केवट निवासी महसांव ने ई रजिस्ट्री में की गई अभिलेख की त्रुटि को सुधार कर सही नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने तहसीलदार गुड़ को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। लालमणि सिंह निवासी जवा ने रजिस्ट्री में दर्ज भूमि के अनुसार उन्हें कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। डिप्टी कलेक्टर ने एसडीएम जवा को आवेदन में कार्यवाही के निर्देश दिए। जन सुनवाई में जमीन के सीमांकन, आयुष्मान कार्ड बनाने, मजदूरी भुगतान, पेंशन प्रकरण के निराकरण सहित विभिन्न आवेदनों पर सुनवाई की गई।

रीवा, मां को प्रेमी के साथ कमरे में देख नाबालिक पुत्र ने पिता सहित अन्य के साथ उतारा था मौत के घाट बैकुंठपुर पुलिस ने कसिहाई गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक की अंधी हत्या का किया पर्दाफाश,5 पकड़ाए नाबालिग सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

कलेक्टर ने सभी को फाईलेरिया की दवा बूथ में ही खिलाने के प्रयास करने के दिए निर्देश

रीवा।कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने फाईलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में बताया है कि फाईलेरिया मच्छर से फैलने वाला रोग है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार जवा, त्योंथर तथा सिरमौर विकासखण्डों में इसके रोगी मिले हैं। इन्हीं तीन विकासखण्डों में 10 फरवरी से 23 फरवरी तक फाईलेरिया नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत 10 से 13 फरवरी तक बूथ में फाईलेरिया नियंत्रण की तीन दवाएं दी जाएंगी। सभी को बूथ पर ही फाईलेरिया की दवा खिलाने का प्रयास करें। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास भी आंगनवा?ी केन्द्रों में फाईलेरिया की दवा खिलाने की व्यवस्था करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी विकासखण्डों में आकस्मिक उपचार दल तैनात रखें। दवा खाने के बाद कभी-कभी उल्टी, बुखार जैसी शिकायत होती है। मेडिकल टीम तत्काल पहुंचकर इसका उपचार करे।कलेक्टर ने कहा है कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 3 दवाएं एल्बेंडाजोल, डीईसी तथा एक अन्य गोली दी जा रही है यह पूरी तरह से सुरक्षित है। इन दवाओं को खाली पेट नहीं लेना है। इसलिए सभी व्यक्तियों को भोजन अथवा नाश्ता करके ही दवा लेने के संबंध में जागरूक करें। फाइलेरिया का कीटाणु शरीर में प्रवेश करने के बाद 20 वर्षों बाद तक असर दिखाता है। इसलिए बुखार या अन्य लक्षण न होने पर भी सभी को फाइलेरिया की दवा अवश्य लेनी है। अभियान में दवा खिलाने के लिए तैनात करने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षण के दौरान दवा बांटने के स्थान पर दवा खिलाने के लिए प्रेरित करें। जिस तरह सबके सहयोग और प्रयासों से पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाया गया उसी तरह यह अभियान भी सफल होगा। इस अभियान के तहत 2 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया नियंत्रण के लिए तीन दवाएं खिलाई जायेगी। दवा 10 से 13 फरवरी को बूथ स्तर पर खिलाई जायेगी। जो व्यक्ति दवा खाने से वंचित रह जायेंगे उन्हें 14 फरवरी से 19 फरवरी तक घर-घर जाकर दवा खिलाई जायेगी। दवा खिलाने का फालोअप 20 से 23 फरवरी तक लिया जायेगा। दवा खिलाने के लिए हर बूथ पर दो प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। अभियान में 250 से 400 व्यक्तियों को दवा खिलाने के लिए एक दल तैनात रहेगा। अभियान में 2 साल से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा गंभीर रोग से पी?तों को दवा नहीं खिलाई जायेगी।

समाहरणालय सभागार में उपायुक्त के अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निधारित सूचाकांको एव क्रियान्वित योजना की समीक्षा तथा जिला योजना समिति की कार्यकारणी समिति की बैठक आयोजन किया गया।

दुमका। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों एवं क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा तथा जिला योजना समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपयुक्त ने नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांक के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की एवं स्वास्थ्य एवं पोषण के इंडिकेटर पर सुधार करने का निदेश दिया।
उन्होंने कहा कि जिले सभी 130 विद्यालय जिनमें स्मार्ट क्लासरूम का कार्य पूर्ण हो चुका है उसके सत्यापन का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाए।नीति आयोग द्वारा प्रायोजित फीमेल लिटरेसी एनहैंसमेंट प्रोग्राम को सभी आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि नीति आयोग द्वारा किए गए सभी कार्यों का उपियोगित प्रमाण पत्र जल्द से जल्द जमा किये जायें।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

संपादकीय

भारत में रिहायशी मकानों की बिक्री में उछाल

भारत में किसी परिवार के पास रहने के लिए यदि अपनी छत है तो इसे उस परिवार की समृद्धि से जोड़कर देखा जाता है। आर्थिक समृद्धि के शुरुआती दौर में केवल अपनी छत होने को ही उस परिवार विशेष के लिए आर्थिक सफलता का एक पैमाना माना जाता है। परंतु, धीरे–धीरे वह परिवार आर्थिक तरक्की करते करते इस स्तर पर पहुंच जाता है कि उसे इस छोटे से मकान के स्थान पर सर्वसुविधा युक्त एक बड़े मकान की आवश्यकता महसूस होने लगती है। इस प्रकार का आर्थिक विकास किसी भी देश के लिए शुभ माना जा सकता है। हाल ही के समय में भारत में भी यह सब होता हुआ दिखाई दे रहा है। अभी हाल ही में दिल्ली के पास गुरुग्राम में एक सर्वसुविधा युक्त आवासीय प्रोजेक्ट की घोषणा की गई थी। इस आवासीय प्रोजेक्ट में 7,200 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले 1113 फ्लैट्स मात्र 3 दिन में ही बिक गए थे। यह भारत की आर्थिक सम्पन्नता को दर्शाता है। वैसे भी भारत में मकान खरीदने को एक ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में देखा जाता है और इसे भावनात्मक अनुभव एवं वित्तीय सुरक्षा की गारंटी माना जाता है। इस दृष्टि से भारत में आवासीय निर्माण के लिए वर्ष 2023 एक अति सफल वर्ष साबित हुआ है और इसके आधार पर यह कहा जा रहा है कि वर्ष 2024 इससे भी अधिक बढ़िया वर्ष साबित होने जा रहा है। विदेशी आक्रांताओं एवं अंग्रेजों द्वारा भारत को पिछले 1000 से अधिक वर्षों के दौरान लूटा–खसोटा गया है। अब जाकर भारत का पुनर्निर्माण काल प्रारम्भ हुआ है। अभी तक भारतीय नागरिकों का लक्ष्य अपने सर पर छत होना अधिक महत्त्वपूर्ण कार्य था परंतु अब इसे सर्वसुविधा युक्त आवास के रूप में भी विकसित किया जा रहा है। भारत को मिली राजनैतिक स्वतंत्रता के बाद के समय से विभिन्न सरकारों द्वारा देश में पब्लिक हाउसिंग प्रोजेक्ट प्रारम्भ किए गए थे। इन प्रोजेक्ट के माध्यम से विभिन्न सरकारों द्वारा नागरिकों के लिए घर बनाकर उपलब्ध कराए जाते रहे हैं। साथ ही, बाद के खंडकाल में सरकारों द्वारा देश में भूमि सुधार कार्यक्रम भी लागू किए गए ताकि खाली पड़ी जमीन को शहरों में रिहायशी इलाकों के तौर पर विकसित किया जा सके। इन भूमि सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के बाद निजी क्षेत्र में भी रिहायशी मकानों को बनाने की अनुमति प्रदान की गई। इसके बाद से तो देश में सर्व सुविधा युक्त आवासीय प्रोजेक्ट की जैसे बाढ़ ही आ गई। इन विभिन्न प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित होने वाले सर्व सुविधा युक्त मकान हाथों हाथ बिकने भी लगे। अब तो देश में बड़े बड़े रिहायशी मकान के प्रोजेक्ट, सूचना प्रौद्योगिकी पार्क, शॉपिंग माल्स आदि भारी मात्रा में विकसित किए जा रहे हैं। अब तो अति महंगे एवं बड़े आकार के फ्लैट्स भी भारत में आसानी से हाथों हाथ बिकने लगे हैं। वर्ष 2024 आते आते भारत का रियल एस्टेट बाजार अब पूरे विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ता बाजार बन गया है। आज भारत के समस्त बड़े महानगरों में एक बात सामान्य–सी नजर आती है कि यहां बहुमंजिला इमारतों का निर्माण कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। वर्ष 2023 में भारत का रियल एस्टेट बाजार लगभग 28,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो 2030 में बढ़कर एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने वाला है और 2047 तक 5.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का। वर्तमान में रियल एस्टेट बाजार भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7 प्रतिशत का योगदान करता है एवं इस क्षेत्र में 5 करोड़ नागरिकों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। रियल एस्टेट क्षेत्र के आगे बढ़ने से विनिर्माण क्षेत्र से जुड़े अन्य कई उद्योगों को भी बढ़ावा मिलता है। जैसे सीमेंट उद्योग, स्टील उद्योग, ग्लास उद्योग, आदि। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2047 तक रियल एस्टेट बाजार का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान 15 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। भारत में वर्ष 2022 में 3.27 लाख करोड़ रुपए की कीमत के मकान बेचे गए थे एवं वर्ष 2023 में 4.5 लाख करोड़ रुपए की कीमत के मकान बेचे गए। इस प्रकार वर्ष 2023 में इस क्षेत्र में 38 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की गई है। इस क्षेत्र में मांग बहुत अधिक तेज बनी हुई है। भारत में रिहायशी मकानों की दृष्टि से सबसे बड़े 7 बाजार हैं – मुंबई, दिल्ली एनसीआर, बंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोलकाता एवं पुणे। यह भारत के सबसे बड़े महानगर भी माने जाते हैं। भारत में रिहायशी मकानों के बिक्री में इतनी अधिक वृद्धि दर इसलिए दर्ज हो रही है क्योंकि भारत में आर्थिक विकास ने तेज गति पकड़ ली है। गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग बन रहा है तो मध्यम वर्ग अमीर वर्ग। इसलिए महंगे महंगे फ्लैट्स की मांग अधिक तेजी से बढ़ रही है। दूसरे, भारतीय रिजर्व बैंक ने भी ब्याज दरों को पिछले लम्बे समय से स्थिर रखा हुआ है। साथ ही, भारत में मुद्रा स्फीति की दर भी अब घटने लगी है। भारत के मध्यम वर्ग की आय बढ़ी है और वे रियल एस्टेट में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। केंद्र सरकार भी नागरिकों को इस क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहन दे रही है। आय कर की दरें कम की गई हैं। नए मकान खरीदने वालों को केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। "स्कीम फोर अफोर्डबल हाउस" लागू की गई है। परंतु, भारत में केवल अफोर्डबल मकान ही नहीं खरीदे जा रहे हैं बल्कि अब नागरिक सर्वसुविधा युक्त महंगे मकानों में भी निवेश कर रहे हैं। किसी मकान की कीमत 1.5 करोड़ रुपए से अधिक होने पर उसे सर्वसुविधा युक्त मकान की श्रेणी में गिना जाता है एवं मुंबई में 2.5 करोड़ रुपए से अधिक की कीमत वाले मकान को सर्व सुविधा युक्त श्रेणी के मकान में गिना जाता है। भारत में वर्ष 2023 में सर्वसुविधा युक्त मकानों की बिक्री 130 प्रतिशत बढ़ गई हैं। भारत में वर्ष 2022 में 3000 सर्वसुविधा युक्त मकानों की बिक्री हुई थी जबकि वर्ष 2023 में 6900 सर्वसुविधा युक्त मकानों की बिक्री हुई है। जिन रिहायशी मकानों की कीमत 40 करोड़ रुपए से अधिक होती है उन्हें अल्ट्रा सर्वसुविधा सम्पन्न रिहायशी मकान की श्रेणी में गिना जाता है। वर्ष 2023 में इन मकानों की बिक्री 200 प्रतिशत बढ़ गई है। देश के 7 महानगरों में लगभग 600 अल्ट्रा सर्वसुविधा सम्पन्न मकान भारत में बिके हैं। यह दर्शाता है कि भारत में अति समृद्ध नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में करोड़पति (मिलिनायर) नागरिकों की जनसंख्या 69 प्रतिशत बढ़ गई है। अल्ट्रा हाई नेटवर्थ (3 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की आय) नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। एक अनुमान के अनुसार भारत में अगले तीन वर्षों में अल्ट्रा हाई नेटवर्थ नागरिकों की संख्या 19000 होने जा रही है। इस श्रेणी के नागरिक अल्ट्रा सर्वसुविधा सम्पन्न मकान चाह रहे हैं। इसी प्रकार कार्यालय के लिए स्थान, मॉल के लिए स्थान, ई–कामर्स कम्पनियों को अपना स्टॉक रखने के लिए बहुत बड़े आकर के गोडाउन की आवश्यकता भी भारत में अब लगातार बढ़ रही है।

'चाचा पलटू' नीतीश कुमार

आदित्य नारायण

बिहार की राजनीति पिछले दो दशकों से उनके इर्द–गिर्द घूम रही है और हर बार उन्होंने सिद्ध किया है कि उनके समाजवादी राजनैतिक सिद्धान्त बाजार की जरूरतों के मोहताज हैं।

बिहार के मुख्यमन्त्री नीतीश कुमार वर्तमान दौर की राजनीति के ऐसे सत्ता लोलुप 'पलटू चाचा' के नाम से प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ माने जायेंगे जिनके नाम को इतिहासकार उन धोखेबाज सियासतदानों की पंक्ति में रखना पसन्द करेंगे जिन्होंने प्रजातन्त्र में अपने सुख के आगे लोगों के हितों की कुर्बानी देकर समूची प्रणाली को प्रदूषित किया। बिहार के मतदाताओं को राजनीतिक रूप से सबसे सजग समझा जाता है अतः 2024 के लोकसभा चुनाव ही तय करेंगे कि नीतीश बाबू किस व्यवहार के पात्र बनते हैं। मगर नीतीश बाबू ने समय पर जो छाप छोड़ी है वह उन्हें 'मीर जाफरों' की कतार में भी खड़ा कर सकती है क्योंकि वह मुख्यमन्त्री बने रहने के लिए अपनी जीवन भर की अर्जित प्रतिष्ठा को भी दांव पर लगाने के लिए तुले हुए दिखाई पड़ते हैं। ऐसा नहीं है कि एक सफल राजनीतिज्ञ कहलाये जाने की वजह से उन्होंने इन सभी प्रश्नों पर सोचा नहीं होगा परन्तु उनका अपनी राह से पलटना बताता है कि राजनीति उनके लिए एक 'तिजारत' से ज्यादा कुछ नहीं है। बिहार की राजनीति पिछले दो दशकों से उनके इर्द–गिर्द घूम रही है और हर बार उन्होंने सिद्ध किया है कि उनके समाजवादी राजनैतिक सिद्धान्त बाजार की जरूरतों के मोहताज हैं। इससे यही सिद्ध होता है कि उनकी 'सैद्धान्तिक कमर' बहुत कमजोर और लचीली है। 2015 में लालू जी की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के साथ अपनी पार्टी जनता दल(यू) का गठबन्धन करके भारी बहुमत से चुनाव जीतने वाले नीतीश बाबू को जब बिहार की बागडोर लालू जी ने निःसंकोच होकर सौंपी थी तो उसमें राजनैतिक विचारधाराओं का वह विश्वास था जिसे समाजवादी चिन्तक डा. राम मनोहर लोहिया खून के रंग से भी गाढ़ा मानते थे। मगर 2017 में उन्होंने लालू जी के परिवार पर भ्रष्टाचार के लगे आरोपों में सुर मिलाते हुए गठबन्धन तोड़ दिया और भाजपा के साथ मिलकर रातों–रात सरकार बना ली जबकि लालू जी 2015 के चुनावों से पहले ही अदालत द्वारा एक मामले में दोषी करार दे दिये गये थे और इस वर्ष के चुनावों में उन्होंने जमानत पर रिहा होने के बाद चुनाव प्रचार किया था। इसके बाद 2020 में विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबन्धन बना कर लड़ा मगर उनकी हैसियत इन चुनावों में भाजपा की पिछलग्गू पार्टी के तौर पर निखर कर आई क्योंकि 243 की विधानसभा में जनता दल (यू) को 45 और भाजपा को 78 सीटें मिलीं। मगर 2022 में उन्होंने भाजपा से सम्बन्ध इस आधार पर तोड़ा कि भाजपा उनकी पार्टी को ही भीतर से कमजोर करके उन्हें राजनीति में अप्रासंगिक बना रही थी। वह फिर लालू जी की शरण में गये और अपना मुख्यमन्त्री पद सलामत रखा। अब वह फिर करवट बदल रहे हैं और लालू जी का साथ छोड़ कर पुनः

भाजपा की शरण में जा रहे हैं। भाजपा उन्हें अपने साथ पाकर सिवाये प्रसन्न होने के दूसरा काम नहीं कर सकती क्योंकि नीतीश बाबू को वही डर अब फिर से राष्ट्रीय जनता दल से सता रहा है जो 2022 में भाजपा से सता रहा था कि उनकी पार्टी को भीतर से कमजोर किया जा रहा है। इसका मतलब यही निकलता है कि वह बिहार के सर्वाधिक असुरक्षित राजनीतिज्ञ हैं। इसकी मूल वजह यह है कि वह राजनीति को केवल तिजारत मानते हुए वक्ती बाजार में बिकने वाला माल मानते हैं और इसके मुताबिक ही पाला बदल लेते हैं और फिर उसे सुशासन या सामाजिक न्याय का चोला पहनाने का प्रयास करते हैं तथा जरूरत आने पर राष्ट्रवादी तेवरों में भी छिप जाते हैं। यह अवसरवादिता से ऊपर खुदगर्जी का बेशर्म नमूना है जिसे नीतीश बाबू ने बिहार में नियम सा बना दिया है। ऐसा तो दल–बदल कानून के रहते बिहार में 1967 के बाद बनी संयुक्त विधायक दलों की सरकारों के दौरान भी नहीं रहा जब केवल कुछ घंटों और दिनों के लिए ही सरकारें बनती–बिगड़ती रहती थीं। उसमें एक नैतिकता यह थी कि दल–बदल करने वाला या पाला बदलने वाला मुख्यमन्त्री दल–बदल की वजह से ही बहुमत खोने पर अपने पद से इस्तीफा दे देता था। उस दौरान हरियाणा में भी यही नजारा था जहां 'आया राम' और 'गया राम' नाम के के दो विधायकों ने राजनीति को कुर्सी दौड़ का खेल बना दिया था। मगर इतिहास ने आया राम व गया राम को कूड़ेदान में डालने का ही काम किया है। जहां तक विपक्षी इंडिया गठबन्धन का सवाल है तो नीतीश बाबू कल तक इसके सिपहसालार बने घूम रहे थे। उनका पल्टी मारना बता रहा है कि उन्होंने राजनीति को बाजार में बिकने वाला बिकाऊ माल बना दिया है। नीतीश बाबू यह समझ रहे हैं कि पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में उनके 17 में से जो 16 प्रत्याशी जीते थे। ये भाजपा के राष्ट्रीय सुरक्षा विमर्श के साये में ही जीते थे वरना उनकी हैसियत तो 2014 में अपने बूते पर जीते केवल दो सांसदों की थी। अब फिर से वह भाजपा के वृक्ष के नीचे छाया तलाशने जा रहे हैं मगर उनकी हालत बिहार की जनता के समक्ष इससे ज्यादा कुछ नहीं रहेगी।

"हुआ है शाह का मुसाहिब फिरे है इतराता वरना शहर में 'गालिब' की आबरू क्या है?"

बजट का बेसब्री से इंतजार

प्रेम शर्मा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2024 को संसद में अंतरिम बजट 2022 पेश करेंगी। इस अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बाजार में विकास को बढ़ावा देने वाले कई पहलुओं पर दांव लगा सकती हैं। निवेशकों और बाजार पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि अंतरिम बजट में वित्तमंत्री की ओर से होने वाली घोषणाओं से आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बहुत हद तक जानकारी मिलेगी। हालांकि बाजार के जानकारों का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने छठे बाजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, क्योंकि यह अंतरिम बजट है। आने वाला बजट वोट ऑन अकाउंट होगा, लेकिन ये चुनाव से पहले आ रहा है इसलिए सरकार पूरी कोशिश करेगी कि समाज के ज्यादा से ज्यादा वर्गों तक लाभ पहुंचे. सरकार के चार–पांच चीजों पर ध्यान देने की संभावना है जिसका संकेत प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले दे चुके हैं. युवा से संबंधित घोषणा की ज्यादा संभावना है, भारत में लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम है, इसलिए युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा या कुछ न कुछ सुनने को मिल सकता है। भारत में लगभग 23 प्रतिशत महिलाएं देश की आर्थिक गतिविधियों में योगदान देती हैं, तो महिलाओं को आगे लाने का कदम उठाया जा सकता है फिर वो आमदनी, महिला रोजगार या किसी अन्य विषय की घोषणा कर सकती है। क्योंकि यह बजट केन्द्र सरकार के कार्यकाल को पूरा कर नई शुरुआत वाला बजट होगा इसलिए इसका आम से लेकर खास सभी संवर्ग को बेसब्री से इंतजार है। केंद्रीय बजट 2024 में वित्तीय वर्ष के लिए सरकारी व्यय और अनुमानित प्राप्तियों का विवरण शामिल होगा। बजट आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित किया जाता है, जो 1 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक चलता है।चूंकि लोकसभा चुनाव आने वाले साल की शुरुआत में होने वाले हैं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अब कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, जबकि वह 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2024 पेश करेंगी। आम चुनावों और नए प्रशासन की यथास्थिति के बाद, पूरा बजट खोजा जा सका। खर्च, राजस्व, वित्तीय घाटा, वित्तीय वर्ष का समग्र प्रदर्शन और आधुनिक प्रबंधन के बाद के वित्तीय वर्ष की अपेक्षाओं के अनुमान आम तौर पर एक विशिष्ट बजट में संरक्षित होते हैं। हालाँकि, इसमें कोई भी अच्छे आकार की नीतिगत घोषणाएँ शामिल नहीं हो सकतीं। बहरहाल चुनाव से पूर्व इस बजट में सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का भी जिक्र किया गया है। सतत विकास, वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, युवा शक्ति, अंतिम मील तक पहुंच और समावेशी विकास शामिल किया गया है।केंद्रीय बजट को लेकर सभी भारतीय नागरिक उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि आगामी बजट में उनके लिए लाभकारी योजनाएं पुरस्कार कार्यक्रम और प्राथमिकताएं शामिल होंगी। अनुमान है कि इस नए केंद्रीय बजट 2024–2025 में 2023 के बजट की तरह ही टैक्स स्लैब 5 हो सकता है। उम्मीद है कि वित्त मंत्री टैक्स सीमा छूट को 3.5 लाख तक बढ़ा सकते हैं। उम्मीद है कि सभी लोगों को इसके लिए रुपये चुकाने होंगे। वे सभी लोग जिन्होंने रु. 3.5 लाख से 6.5 लाख तक के लोगों को वित्तीय वर्ष के लिए अपनी कुल कर योग्य आय का 5 प्रतिशत कर देना होगा। वह व्यक्ति जिसने वित्तीय वर्ष में 7 लाख से 9.5 लाख तक की कमाई करने वालों को उस वित्तीय वर्ष की कुल कर योग्य कमाई पर 10 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है, और जिन लोगों ने रुपये कमाए हैं। 9.5 लाख से 13 लाख तक 15 प्रतिशत का भुगतान करना होगा, सभी लोगों ने 13 लाख से 20 प्रतिशत का भुगतान करने के लिए 16 लाख रुपये, और 16 लाख और उससे अधिक को वित्तीय वर्ष की कुल आय पर 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। आगामी बजट को लेकर आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें सरकार की तरफ से थोड़ी राहत दी जाएगी। चूंकि यह बजट चुनावों से पहले आने वाला बजट है ऐसे में सरकार के लिए भी यह बजट काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। चुनावी साल होने के कारण सरकार द्वारा अपने वोट बैंक को भुनाने के लिए आम बजट में लोगों को खुश को लेकर ऐलान किए जाने की उम्मीद की जा रही है। नौकरीपेशा यानी सैलरी क्लास से लेकर महिलाएं किसान, टैक्सपेयर्स और युवावर्ग तक के लोग इस बार के बजट में

सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब बजट 2024 पेश करेंगी तो उनके लिए कोई खास ऐलान किया जा सकता है। आम बजट 2024 से सबसे ज्यादा देश के टैक्सपेयर्स को उम्मीदें हैं. टैक्स के बोझ तले दबे लोगों को पिछले कई सालों से टैक्स के मोर्चे पर बदलाव की उम्मीद है। इसके अलावा देश के गरीब वर्ग के लोगों, किसानों को ये उम्मीद है कि उन्हें बजट में महंगाई को मोर्चे पर राहत दी जाएगी।सरकार की ओर से अभी तक कुछ भी साफ नहीं किया गया है कि इसबार के बजट में क्या–क्या ऐलान हो सकता है. हालांकि, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मोदी सरकार के आगामी बजट 2024 में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी. इस बात पर जोर दिया है कि सरकार की नीतियां युवाओं महिलाओं किसानों और गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता देंगी। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब, युवा अन्नदाता और नारी के बारे में काफी फोकस रखा गया है। ऐसे में लोगों की नजर इन सभी वर्गों के लिए होने वाले फैसलों पर रहेगी। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अंतरिम बजट में धार्मिक पर्यटन को लेकर होने वाले ऐलानों पर सभी की नजर रहेगी। यही नही दक्षिण भारत के मतदाताओं को लुभाने के लिए अंतरिम बजट में क्या होने वाला है। इस पर लोगों की खास नजर रहेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि निर्मला सीतारमण के छठवें बजट में पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए खाका खींचा जा सकता है। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है। आर्थिक जगत अंतरिम बजट से उम्मीद लगाए बैठा है कि इस दिशा में बड़ी घोषणा की जा सकती है। विपक्ष सरकार पर नौकरियों और महंगाई को लेकर हमेशा हमलावर रहा है। ऐसे में वित्त मंत्री से उम्मीद रहेगी कि वह नई नौकरियों तथा आम जरूरतों को लेकर कोई योजना पेश करें। कई राज्यों द्वारा ओल्ड पेंशन सिस्टम को लागू करने के बाद देश में न्यू पेंशन सिस्टम को लेकर बहस छिड़ गई है। अंतरिम बजट से उम्मीद है कि वह पेंशन सिस्टम को लेकर केन्द्रीय बजट में कोई बड़ी घोषणा की जा सकती है। अंतरिम बजट में महिला किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि दोगुनी होगी या नहीं. इस सवाल का जवाब हर कोई तलाश रहा है। वित्त मंत्री ग्रामीण इलाकों के गरीबों के लिए किसी विशेष योजना का ऐलान कर सकती है। हालांकि चुनावी बजट होने के कारण जनता को सरकार से भारी राहत की उम्मीद है। ऐसे में हर कोई उस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहा है जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट 2024 पेश करेंगी. इस बार वित्त मंत्री के बजट के पिटारे से क्या–क्या निकलेगा, ये तो बजट पेश होने पर ही पता चल पाएग।

सर्वांगीण शिक्षा, ज्ञान और संघर्ष जीवन में ऊंचाइयां देते हैं

संजीव ठाकुर

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्त्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है। प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग–अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्त्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है। मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि श्राप से घृणा करो पापी से नहीं फल स्वरूप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना किश ईश्वर इन्हें माफ कर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं। इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे।

चाचौड़ा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में विजेता उपविजेता को दिया गया कप व शील्ड योगेश शर्मा राजोरिया

पुष्पांजलि टुडे

नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 21000 सुनीता प्रदीप नाटाणी द्वितीय पुरस्कार 11000 रश्मि कृष्ण मुरारी शर्मा मैन ऑफ़ द सीरीज 3100 सुधा राजावत टूर्नामेंट की शील्ड और ट्रॉफी सुनील सैनी भूरी आंटी की ओर से वितरित किए गएनाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में मेन ऑफ दा मैच में चांदी का सिक्का सोनी ज्वेलर्स के ओनर राहुल सोनी शैलू सोनी की ओर से दिया गया जिसमे आज पहला सेमीफाइनल चाचौड़ा रॉयल क्लब ओर एकता क्लब के बीच खेला गया जिसमें रॉयल क्लब ने जीत हासिल कर फाइनल में अपनी जगह बनाई जिसमें मैन ऑफ द मैच कान्हा ठाकुर रहे जिन्हें चांदी का सिक्का राहुल सोनी शेलू सोनी की ओर से दिया गया वहीं दूसरा सेमीफाइनल पेंची क्लब और बीनागंज महाकाल के बीच में हुआ जिसमें पेंची ने सेमीफाइनल जीत कर अपनी फाइनल में जगह बनाई जिसमें मैन ऑफ द मैच में हर्षित चांदी का सिक्का राहुल सोनी सेलू सोनी की ओर से दिया गया फिर फाइनल मुकाबला चाचौड़ा रॉयल क्लब और पेंची क्रिकेट क्लब की ओर से हुआ जिसमें चाचौड़ा रॉयल क्लब ने जीत हासिल की जिसके मेन ऑफ दा मैच सुधांशु राजावत रहे

परीक्षा केंद्र के आस-पास भीड़ होने और लाउडस्पीकर बजाने पर होगी शिकायत दर्ज

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर

भोपाल- माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केंद्र के साथ-साथ प्रश्नपत्र लाने से लेकर उत्तरपुस्तिकाओं के जमा करने के लिए अलग-अलग अधिकारियों की तैनाती की गई है। इसमें केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्षों को जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। परीक्षा में किसी प्रकार की सामूहिक या व्यक्तिगत नकल, प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिका बदल दिया जाना, परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका लेकर भागने या फाड़ने जैसी घटना होती है, तो मंडल कार्यालय के साथ-साथ कलेक्टर को तत्काल जानकारी देना होगी। वहीं परीक्षा केंद्र के आस-पास भीड़ एकत्र न हो सके और परीक्षा केंद्रों के आस-पास लाउडस्पीकर का उपयोग न हो सके। ऐसा होने या भीड़ एकत्र होने की स्थिति में लाउडस्पीकर जब्त कराकर व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस को परीक्षा अधिनियम के अंतर्गत एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।माशिमं द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं में यदि कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करता है या कोई व्यक्ति इसमें उसकी सहायता करता है तो सजा का प्रविधान है। कक्ष में सामूहिक नकल या अन्य व्यक्ति द्वारा नकल करवाने पर सभी परीक्षार्थियों का परीक्षाफल निरस्त होगा। दोनों परीक्षाओं में प्रदेश के करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं।

परीक्षा केंद्रों पर धारा 144 लागू होगी-माशिमं द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक बोर्ड परीक्षाओं में यदि कोई परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करता है या कोई इसमें उसकी सहायता करता है तथा परीक्षार्थियों के धमकी देने या हथियार ले जाने पर भी सजा का प्रविधान है। अनुचित साधनों का प्रयोग करते पाए जाने पर दोषी व्यक्ति को सरकारी सेवा में नहीं लिया जाएगा। परीक्षा केंद्र से 100 गज की दूरी तक धारा 144 लागू रहेगी। परीक्षा में मोबाइल, साधारण केलकुलेटर, साइंटिफिक कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, कंप्यूटर के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

पर्यवेक्षकों की ऐसे होगी तैनाती- परीक्षाओं में 20 विद्यार्थी पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाएगा। एक कक्षा में 20 से अधिक व 40 से कम विद्यार्थियों पर दो पर्यवेक्षक नियुक्त रहेंगे। विद्यार्थियों की 40 से अधिक संख्या होने पर 15 परीक्षार्थियों पर एक पर्यवेक्षक रहेगा।नकल रोकने के लिए सख्त उपाय किए गए हैं। 10वीं व 12वीं परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थियों पर सजा व जुर्माना का प्रविधान है। परीक्षा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

- बलवंत वर्मा, परीक्षा नियंत्रक, माशिमं

दमयंती पुरम में हो रही है असुविधा को लेकर कॉलोनी निवासी कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। शहर के मारुताल स्थित हाउसिंग बोर्ड द्वारा बनाई गयी दमयंतीपुरम कॉलोनी में हो रही असुविधा को लेकर कॉलोनी में निवास करने वाले लोग मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। कॉलोनी वासियों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा आवंटित दमयंती पुरम राज नगर दमोह स्थित कॉलोनी के स्थाई निवासी हैं कॉलोनी में आए दिन जल प्रदाय की समस्या का सामना करना पड़ रहा है हमें नियमित जलापूर्ति नहीं की जा रही है उपरोक्त समस्या के निराकरण हेतु हाउसिंग बोर्ड कार्यालय में दिनांक 07/11/2023 को एक आवेदन हम सभी हितग्राहियों द्वारा दिया गया जिसमें संपदा अधिकारी द्वारा उक्त समस्या के संबंध में कोई भी निराकरण नहीं किया गया है हाउसिंग बोर्ड द्वारा अपनी मनमानी करते हुए एक दिन छोड़कर ही अपर्याप्त जलापूर्ति की जा रही है जिससे हम सबके सामने जल संकट खड़ा हो गया है हाउसिंग बोर्ड द्वारा श्ब्ड्ढस् भवनों के लिए ड़200 प्रति माह एवं स्ढ्ढ भवनों के लिए ड़250 तथा नल कनेक्शन के लिए ड़2000 के नोटिस थमा दिए गए हैं। सभी हितग्राहियों का कहना है कि यथाशीघ्र न्याय प्रदान करते हुए समुचित जलापूर्ति कराने का कष्ट करें एवं हाउसिंग बोर्ड द्वारा वसूले जा रहे अवैध जलकर की वसूली को रुकवाने का कष्ट करें। इस दौरान बड़ी संख्या में ज्ञापन देने वालों में कॉलोनी वासियों कि उपस्थिति रही।क्या कहना है इनका जनसुनवाई में अपर कलेक्टर द्वारा फोन पर हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन अधिकारी बाथम से बात कर ज्ञापन को अवगत कराया एवं उचित कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए।

सुख-दु:ख मे सम रहने की कला सिखाता है सहजयोग

समः शत्रौ च मित्रे च तथा मानापमानयोः ।
शीतोष्णसुखदुःखेषु समः सङ्गविवर्जितः ॥
भगवद् गीता

भगवान श्रीकृष्ण एक योगी की पहचान बताते हुए कहते हैं कि, एक योगी अपने शत्रु और मित्र, मान और अपमान, सुख और दुःख, इन सभी अवस्थाओं में सम रहता है, संतुलित रहता है क्योंकि वह अपनी आत्मा में रत रहता है, लीन रहता है, इसलिये जीवन की कठिन से कठिन समस्या की ओर वह केवल साक्षीभाव से देखता है।इस साक्षीभाव को इस कैसे प्राप्त करेंड़ इस प्रश्न का उत्तर देते हुए. प.पू. श्रीमाताजी कहते हैं कि, आत्मसाक्षात्कार माँगकर । प. पू. श्री माताजी कहते हैं, जब आप अपनी शुद्ध इच्छाशक्ति जाग्रत कर आत्मसाक्षात्कारमांगोगो तो आपकी पवित्र अस्थि में स्थित, जन्म-जन्मांतरों से आपकी राह देखने वाली, आप पर प्रेम और वात्सल्य की वर्षा करनेवाली और जीवन का सर्वोच्च

आनंद आपको प्रदान करने वाली मां स्वरूपिणी शक्ति ऊर्ध्वगामी होकर सभी चक्रों को लांघकर आपका योग घटित कर देगी और आपको अनेकों गुणों से सुशोभित कर देगी । उन अनेकों गुणों में से एक गुण है साक्षीभाव जो अपनी आत्मा का गुण है! जब हमारी कुंडलिनी शक्ति विशुद्धि और आज्ञा चक्र को स्वच्छ करती है तो साधक में साक्षी भाव आ जाता है। सहजयोग एक संज्ञानात्मक विज्ञान है। नियमित रूप से ध्यान करने वाला सहज योगी खुद का गुरु बन जाता है। अपने कौनसे चक्र में खराबी आयी है और इसे कैसे स्वच्छ किया जाय अपनी उंगलियों के छोरों पर जानने की कला में वो निपुण हो जाता है। स्वयं को शांत और संतुलित रखने का पूर्ण प्रयास करता है। इसी प्रकार साधक दूसरों के चक्रों और नाड़ियों को अपने सूक्ष्म तंत्र में महसूस करता है। अगर कोई उस साधक से ईर्ष्या या क्रोध करता है तो वह जान जाता है की सामने वाला व्यक्ति अज्ञानी है। उसे अभी तक आत्मसाक्षात्कार नही मिला इसलिये उसका हृदय प्रेम शून्य है, सहानुभूति शून्य है। उसके मनमें उस क्रोध करने वाले व्यक्ति के प्रति कभी दया तो कभी प्रेमभाव उमड़ता है और वह प्रार्थना करता है, हे आदिशक्ति, कृपाकर आप इस का हृदय प्रेम से भर दें, शुद्ध इच्छाशक्ति से भर दें ताकि उसे भी आपका निर्वाज्य प्रेम प्राप्त हो। इस प्रेममयी प्रार्थना में लीन रहने के कारण जीवन का सुख-दुःख, मान-अपमान और शारीरिक व मानासिक कष्ट उसके ऊपर कोई भी प्रभाव नहीं डाल सकता। आपको भी अगर इस प्रकार स्थिर, शांत और संतुलित रहने की कला सीखना है तो आज ही सीखें सहजयोग ध्यान।अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें 222.ह्यड्डद्धड्डद्ध4श्द्दड्ड.श्ह द्द.द्बठ्ठ एवं टोल फ्री नंबर 18002700800 पर कॉल करें

अशोकनगर विधायक ने वार्ड 5 और 6 की समस्याएं

पुष्पांजलि टुडे से सतीश परिहार पत्रकार करैरा

अशोकनगर नगर पालिका स्थित पूजा कॉलोनी के वार्ड नंबर 5 एवं 6 की वार्ड वासियों ने अपनी समस्या बताई कि उनके कॉलोनी में लाइट, एवं पानी व रोड की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण बरसात में हमारे घरों में पानी भर जाता है जिसको लेकर आज मण्डी गेट के सामने पूजा कॉलोनी में पहुंचकर उनकी सारी समस्या को सुना एवं अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निराकरण करने हेतु बात की अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा

भारत देश के सभी शहरों में अनेक मैरिज गार्डन ,होटल व वाटिका में शादी संपन्न हो रही हैं शादियों में हर्षोल्लास के समय कुछ बच्चा चोर व कुछ बच्चियां व कुछ पुरुष व महिला चोर पहुंच जाते हैं

राकेश परिहार पिछोर
9691338626

शिवपुरी, पुलिस द्वारा अपील की गई हैऔर वह वर पक्ष व वधू पक्ष के सोने चांदी के जेवर के भरे हुए बैग , मोबाइल फोन व नगदी रुपए के बेग पर्स चुराते हैं। सभी वर पक्ष व वधू पक्ष के सदस्यों से मेरा आग्रह है कि शादी समारोह में इस प्रकार की व्यवस्थाएं लगे कि इस प्रकार के चोर शादी समारोह के परिसर में प्रवेश नहीं कर सकें एवं प्रवेश करें भी तो अपने सोने चांदी के जेवर ,मोबाइल फोन व नगदी को सुरक्षित रखें व इस प्रकार के कोई भी बच्चे ,बच्चियों पुरुष या महिलाएं आपकी शादी समारोह में प्रवेश करते हैं तो उन्हें पकड़ कर अवश्य पुलिस के हवाले करें ताकि उन्होंने पूर्व में जो चोरियां की हैं उनका माल बरामद हो सके। सतर्क रहें सावधान रहें अपराधी आपके आसपास है केवल मौका देख रहा है जैसे ही आप का ध्यान भटका और चोर वारदात को अंजाम दे देता है । इस प्रकार के चोरों के संबंध में मुझे सूचना दें।

ASI शैलेंद्र सिंह चौहान 9425335885

नमक फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले धुए से जनता त्रस्त, लगाई गुहार

कानपुर। जनपद के टीकर मघई गांव के पास लगी नमक फैक्ट्री से आम जनता त्रस्त होकर बैठ गयी। थाना क्षेत्र बिधनु के अंतर्गत गांव से चंद दूरी पर लगी नमक फैक्ट्री से निकलने वाले धुए से जनता बेहाल है लेकिन प्रशासन अभी तक कोई उचित कार्यवाही न करने की वजह से क्षेत्रवासी बेबस और असहाय महसूस कर रहे है। ग्राम प्रधान पति गोविन्द, कानपुर छात्र सभा जिलाध्यक्ष प्रधुमन यादव व रघुनाथ यादव ने बताया कि भट्ठीया जलने के लिए टायर के टुकड़े, पुराने चप्पल जूते व जला कोयला, उपले व कोयले की जली हुई राख को पीसकर जलनशील केमिकल

मिलकर गुले तैयार कर जलाते हैं! जिसका धुआं फैक्ट्री से 50 मीटर की दूरी पर प्राथमिक विद्यालय,आंगनबाड़ी विद्यालय व गांव के नागरिकों ,पशु, पक्षियों, पेड़, पौधों व फसलों को आहत कर रहा है । ग्राम प्रधान ने दावा करते हुए बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले धुए की वजह से बीते दो वर्षों में कैंसर से कई लोगों की जान चली गई व कई कैसर से पीड़ित है। जहरीले धुए की वजह से जानवरों के गर्भपात हो जा रहा है, पेड़ो ने फल देना बंद कर दिया व अन्य बीमारी का जन्म हो रहा है। प्रधान ने बताया कि समस्त क्षेत्रवासी भविष्य को लेकर चिंतित हैं और जिलाधिकारी से भी गुहार लगाई कि इस नमक फैक्ट्री के जहरीले धुएं से ग्राम वासियों को निजात दिलाये।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के सभी आवेदनों का निराकरण करें - कलेक्टर

रीवा . कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। जनवरी माह में दर्ज तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। प्रकरणों के निराकरण में विभाग यदि डी श्रेणी में रहेंगे तो उत्तरदायी अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान कराकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरण निराकृत करें। यदि विभागीय मद में राशि उपलब्ध नहीं है तो रोगी कल्याण समिति से जननी सुरक्षा योजना का भुगतान कराएं।कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक से तीन फरवरी तक जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद शिविर लगाए जा रहे हैं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इन शिविरों के लिए आवश्यक प्रबंध करें। शिविर की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिविर के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश आज ही जारी करा दें। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण नगरीय निकायों द्वारा प्रतिदिन निराकृत सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय पेंशन से संबंधित सभी प्रकरण सात दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें।कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े सभी अधिकारी बैंकों में लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कराएं। इनके हितग्राहियों को एक फरवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में ऋण राशि का वितरण कराएं। अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रकरणों की स्वीकृति के संबंध में बैंकवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा समाप्त हो गई है। इसमें बड़ी संख्या में आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। संबंधित अधिकारी आवेदन पत्रों का समुचित निराकरण करके जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं। सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों का नाम उनकी पदस्थापना के विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। न्यायालय में दायर याचिकाओं के संबंध में जवाब दावा दर्ज कराकर उसकी प्रति कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस वर्ष विभागीय कार्यों में नवाचार के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संयुक्त संचालक पशुपालन बसामनमामा गौ अभ्यारण्य में किए गए

वेंटीलेटर पर चल रही कांग्रेस बहुत जल्दी देश के राजनीतिक नक्शे से विलुप्त होगी - मुख्यमंत्री साय

छत्तीसगढ़ के विकास में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का ही सबसे बड़ा योगदान है - बृजमोहन अग्रवाल

राजधानी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का संकल्प लिया कार्यकर्ताओं ने

रायपुर, दुर्ग एवं महासमुंद में भाजपा ने किया केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

ब्यूरो चीफ छत्तीसगढ अश्वनी अवस्थी पुष्पांजलि टूडे तेज खबर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि आज कांग्रेस पार्टी डूबती हुई नाव है। अब तो वह वेंटीलेटर पर चल रही है। बहुत जल्दी यह देश के राजनीतिक नक्शे से विलुप्त होने वाली है। श्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीटों पर शानदार ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। श्री साय मंगलवार को राजधानी में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़विधानसभा में 54 सीटों और 46 प्रतिशत मत के साथ भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं ने अनथक परिश्रम किया और मतदाताओं ने ÷मोदी की गारंटी÷ पर भरोसा जताया है। रायपुर लोकसभा सीट पर भाजपा की 8 बार की जीत ने इस लोकसभा क्षेत्र को भाजपा का अभेद्य गड़ बना दिया है। पिछली बार की तुलना में आगामी लोकसभा चुनाव में रायपुर की सीट हम 5 लाख से ज्यादा मतों से जिताने के लिए हम सब संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने कोई राजनीतिक दल और नेता मुकाबले में नहीं है। अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार ने विकास और जनकल्याण के अनेक कार्य तो किए ही हैं, साथ ही धारा 370 हटाने, तीन तलाक पर रोक लगाने, अयोध्या में प्रभु श्री रामलला का भव्य मंदिर बनाने के वैचारिक पृष्ठभूमि के ऐतिहासिक और क्रांतिकारी फैसले भी लिए हैं। आज विश्व मंच पर श्री मोदी सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं की सूची में अव्वल हैं। यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ध्येय वाक्य ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है। आज देशभर में भाजपा की राजनीतिक स्वीकार्यता बड़ी है। देश भाजपा और प्रधानमंत्री श्री मोदी पर विश्वास कर रहा है। भाजपा विरोधी दलों के जाति, धर्म, पंथ के विध्वंसकारी और विभाजनकारी आग्रहों को तोड़कर देश का जनमानस भाजपा की सरकार चुन रहा है। ऐसा स्वर्णिम अवसर आज भाजपा के लिए देशभर में उपस्थित है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर प्रदेश की जनता ने भारी विश्वास जताया है तो अब तो लोकसभा चुनाव स्वयं श्री मोदी को फिर से प्रधानमंत्री पद के लिए चुनने का है। इस बार 400 पार का लक्ष्य लेकर कार्यकर्ताओं को जन-जन तक पहुँचकर केंद्र सरकार की उपलब्धियाँ और प्रदेश की डेढ़ माह की भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताना है। श्री साय ने प्रदेश में डेढ़ माह की अपनी सरकार के कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार भाजपा के संकल्पों और ÷मोदी की गारंटी÷ पर तेजी से काम कर रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी, किसानों को

दो साल के बकाया बोनस का भुगतान, 18 लाख प्रधानमंत्री आवास के निर्माण की स्वीकृति, पीएससी घोटाले की जाँच सीबीआई को सौंपने जैसे फैसलों पर अमल किया गया है। इस बार धान की बम्पर खरीदी हो रही है और 1.30 लाख मीटरिक टन धान खरीदी के अनुमान के मुकाबले इस वर्ष अब 1.34 लाख मीटरिक टन धान की खरीदी हो चुकी ही और अभी 1.50 लाख मीटरिक टन से अधिक धान खरीदी का अनुमान है। महतारी वंदन योजना के लिए भी राशि का प्रावधान हो चुका है और बहुत जल्दी प्रदेश की विवाहित महिलाओं को इसका लाभ मिलना शुरू होगा। गरीब परिवार की महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर भी मिलना शुरू हो जाएगा। श्री साय ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार अपने सारे वादे पूरा करेगी और अब भाजपा कार्यकर्ता सीना ठोककर जनता के बीच जाएँ और भाजपा के पक्ष में मतदान के लिए उन्हें प्रेरित करें।प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि विधानसभा चुनाव में जिस तरह प्रदेश का इतिहास बदला है, अब लोकसभा में भी सभी सीटों पर भाजपा को भारी बहुमत से जिताकर एक नया इतिहास रचना है। भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री श्री मोदी को यह संदेश देंगे कि जिस तरह आपकी गारंटी पर हमने प्रदेश के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की है, अब आपकी गारंटी पर हम सब मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाएंगे। केंद्र सरकार के ऐतिहासिक और क्रांतिकारी फैसलों, योजनाओं व कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मे जन-जन की आस्था और भावनाओं का सम्मान कर अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला का मंदिर बनवाया है। छत्तीसगढ़के विकास में प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का ही सबसे बड़ा योगदान है। अब हम परिश्रम की पराकाष्ठा करके भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाएंगे। यह केंद्रीय कार्यालय चुनावी युद्ध लड़ने के लिए चौकी का काम करेगा। यहाँ से भाजपा के कार्यकर्ता रूपी सैनिकों को निर्देश दिए जाएंगे और हमारे कार्यकर्ता रूपी सैनिक उन निर्देशों को ग्रहण करके विरोधियों के एक-एक किले को ढहाएंगे।भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक लोकसभा के लिए 17 चुनाव हो चुके हैं और इनमें से रायपुर लोकसभा से 8 बार भाजपा ने जीत दर्ज की है। केंद्र में अब तक 5 बार भाजपा व भाजपानीत गठबंधन की सरकार बनी है। भाजपा जिस वैचारिक पृष्ठभूमि पर आधारित राजनीति कर रही है, उसके अनुरूप काम तभी हो सकता है, जब बार-बार भाजपा की सरकार केंद्र और प्रदेशों में बने। आगामी लोकसभा चुनाव में 400 पार के लक्ष्य को सामने रखकर संकल्पित होकर कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कमर कस लें। प्रदेश सरकार में मंत्री टंकराम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर से प्रधानमंत्री पद पर आरूढ़ करने के लिए हम सब कार्यकर्ता एकजुट होकर जी-जान से काम करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों और अर्जित उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि श्री मोदी की सरकार ने गाँव-गरीब-किसान के कल्याण व विकास के लिए अनेक रहे।

रन आउट हान क बावजूद माटन गाप्टल को भेजा वापस, कॉलिन मुनरो ने पाकिस्तानी प्लेयर के मंसूबों पर फेरा पानी

शारजाह. क्रिकेट को यूंही नहीं जेंटलमेंस गेम कहा जाता है। यूएई में जारी ILT20 लीग में कॉलिन मुनरो ने इसकी नजीर पेश की। भले ही डेजर्ट वाइपर्स की टीम मैच हार गई, लेकिन उसके कप्तान कॉलिन मुनरो ने दिल जीत लिया। दरअसल, रविवार रात खेले गए इस मुकाबले में डेजर्ट वाइपर्स और शारजाह वारियर्स की टक्कर थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए शारजाह वॉरियर्स ने स्कोरबोर्ड पर निर्धारित 20 ओवर्स में सात विकेट खोरप 174 रन बनाए। कप्तान टॉम कोहलर कैडमोर ने 68 रन की पारी खेली जबकि कीवी ओपनर मार्टिन गप्टिल 39 रन बनाकर आउट हुए।

जो डेनली के साथ 26 रन की साझेदारी के दौरान उस वक्त मैदान पर अफरा-तफरी मच गई, जब मार्टिन गप्टिल बदकिस्मती से रनआउट हो गए। इंग्लिश बैटर जो डेनली ने एक जोरदार स्ट्रेट ड्राइव मारी, जो सीधा नॉन स्ट्राइक एंड पर खड़े मार्टिन गप्टिल को जा लगी। मार्टिन को गेंद लगने के बाद छिटककर बॉलर शादाब खान के पास चली गई। पाकिस्तानी प्लेयर ने फौरन ही गिल्लियां बिखेर दी, इस वक्त गप्टिल क्रीज से बाहर थे। इस दौरान पीछे से आजम खान की आवाज भी आ रही थी- आउट कर दे- आउट कर दे।इस बीच, दर्द से कराहते हुए मार्टिल गप्टिल आउट होकर डगआउट की ओर बढ़ चुके थे कि तभी विरोधी कप्तान कॉलिन मुनरो ने बड़ा दिल दिखाया। उन्होंने शानदार फैसला लेते हुए अपील वापस ले ली और मत्तन खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस दौरान कमेंटेटर एलन विल्किंस ने पूरे लम्हे की तारीफ की।

Sunrisers Hyderabad के खूंखार बैटर ने बल्ले से मचाई तबाही, जड़ी सबसे तेज फिफ्टी, प्लेऑफ में पहुंची डरबन सुपरजाइंट्स

नई दिल्ली. SA20 लीग के 22वें मैच में डरबन सुपर जाइंट्स (डीएसजी) ने पार्ल रॉयल्स को हराकर प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मैच में डरबन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 207 रन बनाए।

क्लासेन ने जड़ा सबसे तेज अर्धशतक

इस मैच में डरबन ने अपने प्रदर्शन से एक बार फिर साबित किया कि वह कैसे प्वाइंट्स टेबल में नंबर 1 पर है। डरबन की ओर से 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने आए हेनरिक क्लासेन ने 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। हेनरिक का यह अर्धशतक एस20 के इतिहास का

सबसे तेज अर्धशतक था।

क्लासेन की तूफानी पारी

क्लासेन ने अपनी पारी में 17 गेंदों पर 294.11 की स्ट्राइक रेट से 2 चौकों और 6 छक्कों के साथ अर्धशतक जड़ा। क्लासेन ने 19वें ओवर में फैबियन एलन की तीन गेंदों पर तीन छक्के मारे और अपना अर्धशतक पूरा करके डोनोवन फरेरा का रिकॉर्ड तोड़ दिया। डोनोवन ने एस20 लीग 2024 में ही 18 गेंदों में सबसे तेज अर्धशतक अपने नाम किया था।

मैंगौंग ओवल में बल्लेबाजों का होगा राज या गेंदबाज लूटेंगे महफिल, आंकड़ों के जरिए समझिए पिच का हाल

अंडर 19 विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम मुकाबला ब्लोमफोंटेन के मैंगौंग ओवल में खेला जाएगा। इस मैदान की पिच से बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को मदद मिलती है। यानी बैट और बॉल के बीच में इस ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलता है। शुरुआती ओवरों में नमी होने के कारण तेज गेंदबाज खासा प्रभाव डालते हैं।

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका की धरती पर खेले जा रहे अंडर 19 विश्व कप के सुपर सिक्स मुकाबले में मंगलवार को टीम इंडिया की भिड़ंत न्यूजीलैंड के साथ होगी। भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक खेले तीन ही मैचों में लाजवाब रहा है। वहीं, कीवी टीम को अपने आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान के हाथों 10 विकेट से करारी हार का मुंह देखना पड़ा था।

कैसी खेलती है मैंगौंग ओवल की पिच?

अंडर 19 विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड के बीच अहम मुकाबला ब्लोमफोंटेन के मैंगौंग ओवल में खेला जाएगा। इस मैदान की पिच से बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को मदद मिलती है। यानी बैट और बॉल के बीच में इस ग्राउंड पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलता है।

शुरुआती ओवरों में नमी होने के कारण तेज गेंदबाज खासा प्रभाव डालते हैं। वहीं, क्रीज पर सेट होने के बाद बल्लेबाज भी जमकर धमाल मचाते हैं। स्पिन गेंदबाजों को भी पिच से मदद मिलती है।

क्या कहते हैं आंकड़े?

मैंगौंग ओवल ने अब तक कुल 35 वनडे मैचों की मेजबानी की है। इसमें से 15 में जीत पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम के हाथ लगी है। वहीं, 18 मैचों में मैदान रनों का पीछा करने वाली टीम ने मारा है। फर्स्ट इनिंग में एवरेज स्कोर 248 का रहा है, जबकि दूसरी पारी में औसतन स्कोर 205 का है। टॉस इस मैच में भी अहम किरदार निभा सकता है।

शानदार फॉर्म में टीम इंडिया

उदय सहारन की कप्तानी में भारतीय टीम का प्रदर्शन अब तक टूर्नामेंट में जोरदार रहा है। टीम ने टूर्नामेंट का

आगाज बांग्लादेश को 84 रन से पीटकर किया था। इसके बाद अगले मैच में भारतीय टीम ने आयरलैंड को 201 से पटखनी दी थी। वहीं, आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया ने अमेरिका को भी 201 रन के बड़े अंतर से मात दी थी।

बल्लेबाजी में भारत की ओर से मुशीर खान का प्रदर्शन जानदार रहा है और वह 3 मैचों में 194 रन ठोक चुके हैं, जबकि कप्तान उदय ने 174 रन बनाए हैं। गेंदबाजी में सौम्य पांडे 3 मैचों में 8 विकेट चटका चुके हैं।

बेटे का फर्ज निभाने के लिए गंवाया Team India से मिला मौका! SA दौरे से नाम वापस लेने पर भारतीय तेज गेंदबाज ने किया बड़ा खुलासा

नई दिल्ली.भारत के तेज गेंदबाज दीपक चाहर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ Ind vs SA वनडे और टी20 दौरे से अपना नाम वापस लेने के फैसले का समर्थन किया है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से वापस लिया नाम

दीपक Deepak Chahar ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए कहा कि मेरे पिता मेरे लिए सबसे पहले आते हैं। चाहर के पिता को ब्रेन स्ट्रोक हुआ था, जिसके कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में टीम इंडिया में शामिल नहीं हो सके।

क्या बोले चाहर

चाहर ने कहा कि मेरे लिए मेरे पिता सबसे पहले हैं। मैं यहां सिर्फ उनकी वजह से हूं। मैंने जो कुछ भी हासिल किया है वह मेरे पिता

की वजह से किया है। अगर मैं इन हालातों में उनके साथ नहीं हूं, तो मैं किस तरह का बेटा हूं?

भारत में सीरीज होती तो जरूर होते शामिल

अगर सीरीज भारत Ind 1ह्य ३ में खेली जा रही होती तो मैं जरूर खेलने की कोशिश करता। इस दौरान आप जरूरत पड़ने पर 4-5 घंटे के अंदर अस्पताल पहुंच सकते हैं, लेकिन दक्षिण अफ्रीका से वापस आने में 2-3 दिन लगते हैं। चाहर ने आगे कहा कि मेरे पिता के साथ रहना मेरे लिए एक एक आसान फैसला था, कोई भी बेटा ऐसा करेगा।

अलीगढ़ अस्पताल में भर्ती थे पिता

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज पर चाहर ने बात करते हुए कहा कि मैं 25 दिनों तक पिता के साथ अस्पताल में था। मेरे पिता आगरा में नहीं अलीगढ़ में अस्पताल में भर्ती थे। हम सब वहां रूके थे। इस दौरान मैं बस कुछ एक्सरसाइज कर पाता था। मैं प्रैक्टिस नहीं कर पाया था और इस कारण मैं अफगानिस्तान Ind vs Afg के खिलाफ सीरीज से बाहर रहा।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए कर रहे मेहनत

पिता के घर लौटने के बाद मैं एनसीए गया और वहां मैंने फिर से प्रैक्टिस शुरू की, जिसके चलते मैं अब पूरी तरह से फिट हूं। मैंने आईपीएल ट्वक्क और विश्व कप के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है।

टी 20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय खिलाड़ियों के पास आईपीएल ही एक मौका है, जिसमें प्रदर्शन के दम पर वह विश्व कप की टीम में सेलेक्ट होंगे।

गिल के पास जो सुरक्षा, वह पुजारा के पास भी नहीं थी, पहले टेस्ट के बाद बोले कुंबले

हैदराबाद . भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे शुभमन गिल के पास टीम में जिस तरह की सुरक्षा है, वह कभी चेतेश्वर पुजारा को नहीं मिली और इस युवा बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करना होगा वरना काफी दबाव में आ जाएगा। 24 वर्ष के गिल ने पिछली 11 टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं लगाया है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल मार्च में पहली पारी में 128 रन बनाए थे लेकिन उसके बाद से उनका सर्वोच्च स्कोर 36 रन रहा है। उन्होंने

इंग्लैंड के खिलाफ यहां पहले टेस्ट में पहली पारी में 23 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में खाता भी नहीं खोल सके। भारत को पहले मैच में 28 रन से पराजय झेलनी पड़ी। कुंबले ने कहा, 'गिल को जो सुरक्षा मिली हुई है वह चेतेश्वर पुजारा को भी नहीं मिली थी जबकि उसने (पुजारा) 100 से अधिक टेस्ट खेले हैं। उन्होंने कहा, 'मैं बार बार पुजारा की बात करता हूं क्योंकि वह कुछ समय पहले तक तीसरे नंबर पर उतरते थे। पुजारा ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेला और उसके बाद से शुभमन गिल तीसरे नंबर पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा 2nd टेस्ट में ना करें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज, क्यों वसीम जाफर ने दी ऐसी अनोखी सलाह

नई दिल्ली. इंडिया वर्सेस इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 2 फरवरी से विशाखापट्टनम के डॉ. वाय एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। टीम इंडिया सीरीज में 0-1 से पीछे है और वापसी के लिए उनके लिए यह टेस्ट मैच काफी अहम होने वाला है। टीम इंडिया को हैदराबाद में खेले गए सीरीज के पहले टेस्ट मैच में 28 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद टीम इंडिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर वसीम जाफर ने भारतीय टीम को एक अनोखी सलाह दी है। टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा ने जब से पारी का आगाज शुरू किया है, उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया है। पारी का आगाज करते हुए रोहित का रिकॉर्ड टेस्ट क्रिकेट में काफी शानदार है, लेकिन जाफर चाहते हैं कि विशाखापट्टनम टेस्ट में रोहित की जगह यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज शुभमन गिल करें।

भारत के लिए पहले टेस्ट में विराट कोहली नहीं खेले और वह दूसरे टेस्ट मैच में भी नहीं खेलेंगे। विराट की वापसी तीसरे टेस्ट मैच के साथ होगी।

वसीम जाफर ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे हिसाब से दूसरे टेस्ट मैच में शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को पारी का आगाज करना चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर बैटिंग करने के लिए आना चाहिए।

अपनी बैटिंग के लिए इंतजार करना शुभमन गिल के लिए काम नहीं कर रहा है। इससे बेहतर है कि वह पारी का आगाज करे। रोहित स्पिन के खिलाफ काफी अच्छी बैटिंग करते हैं, तो ऐसे में नंबर-3 पर बैटिंग करना उनके लिए कुछ ज्यादा मुश्किल की बात नहीं होनी चाहिए।

हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 246 रनों पर ऑलआउट हो गई थी, जवाब में भारत ने पहली पारी में 436 रन बनाकर बड़ी बढ़त हासिल की थी। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 420 रन बनाकर भारत को दवाब में डाला और भारतीय टीम दूसरी पारी में 202 रनों पर ही सिमट गई। गिल ने पहली पारी में 23 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

आईपीएल में 2-3 साल और खेलेंगे MS Dhoni! CSK के तेज गेंदबाज ने कप्तान धोनी के कमबैक पर शेयर किया फैंस की धड़कने बढ़ाने वाला अपडेट

एमएस धोनी अपनी घुटने की चोट से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं। टीम के गेंदबाज दीपक चहर ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात की और धोनी के आईपीएल में खेलने पर कुछ अपडेट शेयर किए। अब चहर ने कहा कि मुझे लगाता है कि धोनी 2-3 साल और खेल सकते हैं लेकिन यह उनका फैसला होगा। धोनी ने आईपीएल 2023 का पूरा सीजन घुटने पर पट्टी बांधकर खेला था।

नई दिल्ली. एमएस धोनी अपनी घुटने की चोट से पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और वह आईपीएल 2024 में वापसी करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

आईपीएल से पहले धोनी के संन्यास पर होती है चर्चा

इस बीच टीम के गेंदबाज दीपक चहर Deepak Chahar ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बात की और धोनी के आईपीएल में खेलने को लेकर भी कुछ अपडेट शेयर किए। आईपीएल की शुरुआत से पहले धोनी का संन्यास हमेशा ही चर्चा का विषय रहता है।

पूरा सीजन पट्टी बांधकर खेला आईपीएल

धोनी MS Dhoni ने आईपीएल 2023 का पूरा सीजन घुटने पर पट्टी बांधकर खेला और टीम को पांचवीं बार चैंपियन बनाया। अब चहर ने कहा कि मुझे लगाता है कि धोनी के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ है, वे 2-3 साल और खेल सकते हैं।

2-3 साल और खेल सकते हैं धोनी

मैंने उन्हें नेट पर बल्लेबाजी करते हुए देखा है। उन्हें इंजरी थी, जो किसी को भी हो सकती है। 24 साल के खिलाड़ी को भी वहीं चोट लग सकती है, जो उन्हें लगी

थी। वह काफी अच्छी तरह ठीक हो गए हैं। मेरे ख्याल से उन्हें 2-3 साल और खेलना चाहिए, लेकिन यह उनका फैसला होगा।

सीएसके में धोनी के बिना खेलना मुश्किल

धोनी ने सभी को बताया है कि वह चेन्नई में अपना आखिरी मैच खेलने जा रहे हैं। सिर्फ वो ही ये फैसला कर सकते हैं। हमारे लिए धोनी के बिना सीएसके के लिए खेलना काफी मुश्किल ह। सभी ने सीएसके को माही भाई के साथ ही देखा है।

2020 में इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

बता दें कि 2020 में आईपीएल में धोनी ने चुपचाप इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। धोनी ने 2021 और 2023 चेन्नई को फिर चैंपियन बनाया। इस बीच 2020 में ही धोनी के आईपीएल से संन्यास लेने का विषय चर्चा में आया था।

इस पर जब धोनी से पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि निश्चित तौर से नहीं। 2023 के आईपीएल IPL 2023 के बाद भी धोनी ने वापसी की उम्मीद जताई थी और कहा था कि ये फिटनेस पर निर्भर करता है।

पहले टेस्ट में कहां फिसली हाथ से बाजी? हेड कोच Rahul Dravid ने बताया मैच का टर्निंग प्वाइंट, बोले- हम एक भी शतक...

नई दिल्ली. हैदराबाद में टीम इंडिया को इंग्लैंड के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 202 रन बनाकर ढेर हो गई। इंग्लिश टीम की ओर से टॉम हार्टले ने कहर बरपाते हुए चौथी पारी में सात भारतीय बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई।दूसरी पारी में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा।

हालांकि, हेड कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि पहली पारी में एक भी बल्लेबाज द्वारा शतकीय पारी ना खेल पाने का खामियाजा टीम इंडिया को भुगतना पड़ा।

कहां फिसला हाथ से मैच?

राहुल द्रविड़ ने हैदराबाद टेस्ट में मिली हार के बाद पत्रकारों संग बातचीत करते हुए कहा, -मुझे लगता है कि पहली पारी में हमने 70 रन कम बनाए। दूसरे दिन पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी और हमको अच्छी शुरुआत भी मिली थी, लेकिन हम उसका फायदा नहीं उठा सके। हमारे बल्लेबाज एक भी शतक नहीं लगा सके, आप समझ सकते हैं मेरा मतलब एक बड़ी शतकीय पारी से है। दूसरी पारी में खेलना हमेशा ही कठिन होता है।

पहली पारी में शतक से चूके तीन बल्लेबाज

पहली पारी में भारत की ओर से तीन बल्लेबाज शतक के करीब पहुंचे, लेकिन अपनी सेंचुरी पूरी करने में

भारतीय टीम को इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा। रोहित की पलटन 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए महज 202 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टॉम हार्टले के आगे भारतीय बैटर्स ने दूसरी पारी में आसानी से घुटने टेक दिए। हार्टले ने कहर बरपाते हुए 7 विकेट अपने नाम किए।

नाकाम रहे। यशस्वी जायसवाल 80 रन बनाए आउट हुए, तो केएल राहुल 86 और रविंद्र जडेजा ने 87 रन की पारी खेली।

फ्लॉप रहा भारतीय बैटिंग ऑर्डर

इंग्लैंड से मिले 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 202 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इंग्लैंड के स्पिनर्स के आगे इंडियन बैटर्स ने पूरी तरह से घुटने टेक दिए। यशस्वी जायसवाल महज 15 रन बनाकर चलते बने, जबकि केएल राहुल अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और 22 रन बनाकर चलते बने।जडेजा और श्रेयस अय्यर ने भी अपने प्रदर्शन से बेहद निराश किया। अक्षर पटेल भी सिर्फ 17 रन ही बना सके। कप्तान रोहित ने 39 रन की पारी खेली, लेकिन वो भी टॉम हार्टले के स्पिन जाल में उलझकर रह गए।

बागवानी महाविद्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

करनाल। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में 75 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। महाविद्यालय डीन ओर एमएचयू के अनुसंधान निदेशक प्रो. रमेश गोयल ने अंजनथली में झंडा फहराया। प्रो. रमेश गोयल ने कहा कि हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है। हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान, महत्वपूर्ण होगा। इसके लिए मैं सभी वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व छात्रों से संविधान में निहित हमारे मूल कर्तव्यों का पालन करने का अनुरोध करुंगा। ये कर्तव्य, आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में, प्रत्येक नागरिक के आवश्यक दायित्व हैं। इस संदर्भ में मुझे महात्मा गांधी का स्मरण होता है। बापू ने ठीक ही कहा था, जिसने केवल अधिकारों को चाहा है, ऐसी कोई भी प्रजा उन्नति नहीं कर सकी है। केवल वही प्रजा उन्नति कर सकी है जिसने कर्तव्य का धार्मिक रूप से पालन किया है। छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों के बताएं मार्ग पर चल कर देश की उन्नति में पूरा योगदान देना चाहिए। मौके पर वैज्ञानिक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।

अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा महत्वपूर्ण : आनंद

करनाल। भारत की अर्थव्यवस्था तेज़ी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं। आज की तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह विचार बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस में, नेशनल हेड- जियो अमितेश आनंद ने लोगों को बीमा के प्रति जागरूक करते हुए रखें। इस दौरान बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने मुगल कैनाल करनाल में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है। अपनी विशेषज्ञता के साथ, बजाज आलियांज़ का उद्देश्य है करनाल की जनता को अपने नए उत्पाद और समाधान प्रदान करना है। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस, अपने कुशल और विशाल डिस्ट्रीब्यूशन चैनलों के माध्यम से, अपने उत्पाद और संबंधित सेवाओं को देश के प्रत्येक हिस्से तक पहुंचने और समाज कल्याण के प्रति अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सनातन धर्म मंदिर रामनगर में मची राम नाम की धूम

करनाल। अयोध्या में रामलला के विराजे जाने की खुशी में सनातन धर्म मंदिर रामनगर में जश्न का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने धूमधाम से राम लला के आने का स्वागत किया और आतिशबाजी कर राम नाम के जयकारे लगाएं। आर्य समाज स्त्री विंग की ओर से भी हवन यज्ञ कर रामलला के आने का स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में आहुति डालकर सभी के लिए मंगल कामना की। इसके बाद ओम नमः शिवाय परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। शरणम, नमो शरणम, शिवाय शरणम, भोले बाबा शरणम से शिव स्तुति की संगीतमयी शुरुआत हुई। कलाकारों ने भजन गाकर श्रद्धालुओं को मोह लिया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। राम नाम की माला से वीर बजरंगी को भी रिझाया। भजनों के बाद प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। शिव भक्त नरेश छाबडा, अनिल, सतीश शर्मा, शंटी सचदेवा, रोहित ग्रोवर, कपिल ढल, अशोक दुआ व इंद्रजीत शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

धारूहेड़ा बस स्टैंड पर बना फ्लाईओवर जल्द ही जगमगाएगा एलईडी लाइटों से

एनएचएआई विभाग ने पूरी कर ली सभी ऑपचारिक्ताए

धारूहेड़ा,। दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा मे बने फ्लाईओवर के निर्माण को सात साल बीतने के बाद भी स्थिति बदहाल बनी हुई है इसी बदहाली को देखते हुए गाँव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने दिसम्बर 2023 में प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गड़करी, एनएचएआई के चेयरमैन संतोष कुमार यादव सहित सम्बन्धित अधिकारियों को पत्र भेज धारूहेड़ा फलाईओवर की बदहाल स्थिति से अवगत करा समाधान की अपील की गई है।

वही प्रकाश यादव की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए फलाईओवर के आसपास खड़े अवांछित पेड़ पौधों व झुंडों को एनएचएआई के द्वारा हटवा दिया गया है और एनएचएआई के अधिकारियों ने प्रकाश यादव को फ़ोन कर बताया कि जल्द ही धारूहेड़ा फलाईओवर पर लाइटे लगा दी जाएगी जिसको लेकर ऑथोरिटी द्वारा सभी औपचारिकता पूरी कर ली गई है। प्रकाश यादव ने बताया कि धारूहेड़ा फलाईओवर पर लाईटो के लिए वर्षों से केवल पोल ही खड़े है उनपर लाइटे नही लगने से बड़ी इस हाइवे से रात के समय गुजरने वाले वाहन चालकों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है। एनएचएआई लगायेगा एलईडी लाईट-प्रकाश यादव ने बताया कि इस फ्लाईवेर पर पहले सोडियम की लाइटे लगाए जाने को लेकर मंजूरी दी गई थी, लेकिन ये सोडियम वाली लाइटे देर से जलने के साथ ही बहुत अधिक बिजली खपत करती है वही अब वर्तमान मे एलईडी लाइटो का चलन है जो बिजली की बचत के साथ ही रोशनी भी ज्यादा देती है। दिसम्बर महीने में लिखे अपने पत्र मे प्रकाश यादव ने लिख बताया था कि दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसा औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा एक उन्नत व विकसित कस्बे के रूप में अपनी पहचाना बना चुका है यह पर औद्योगिक इकाइयों के साथ ही रियल एस्टेट व शिक्षा को लेकर काफी संभावना बनी हुई है लेकिन धारूहेड़ा कस्बे मे आनेजाने वाले लोगो को राष्ट्रीय राजमार्ग से कनेक्टिविटी को लेकर कई परेशानियों से रूबरू होना पड़ता है, धारूहेडा क्षेत्र चारों तरफ से औद्योगिक ईकाईयों से घिरा हुआ है एंव भविष्य में धारूहेडा क्षेत्र में औद्योगिक ईकाईयों की बढोतरी होनी है किन्तु धारूहेड़ा कस्बा में प्रवेश व निकास के लिए

जो भी रास्ते छोड़े हुए हैं उनकी चौड़ाई काफी कम है, जिस कारण भारी वाहन इत्यादि जब भी शहर में प्रवेश करते है या शहर से बाहर निकलते है तो जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है,कई बार तो एम्बुलेंस एंव अन्य आवश्यक सेवाओं से सम्बन्धित वाहन भी जाम में फंस जाते है। जिस कारण काफी मरीजों की जाने भी जा चुकी है। इसके अलावा यह भी उल्लेखनीय है कि धारूहेडा क्षेत्र राजस्थान की सीमा के साथ लगता हुआ है, जिसमें भिवाडी व खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र साथ लगता है । जिसमें हजारों की संख्या में औद्योगिक ईकाईया स्थापित है । इन औद्योगिक क्षेत्र के ज्यादातर वाहन धारूहेडा शहरी क्षेत्र से होकर निकलते हैं । जिस कारण आमतौर पर प्रतिदिन धारूहेड़ा शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है । जिस कारण आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 का जो फ्लाईऑवर है , उसके साथ लगते दोनों तरफ 150-150 मीटर जमीन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विभाग द्वारा लगभग वर्ष 2011 में अवार्ड हुआ था एंव वर्ष 2014 में अधिग्रहण की गई थी एंव विभाग द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा भी दिया जा चुका हैं किन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई आगामी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई है। वही दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी की अनदेखी व लापरवाही वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का कारण बनी हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 जो दिल्ली से जयपुर व मुम्बई तक प्रतिदिन लाखो वाहनों के आवागमन हेतु इस्तेमाल किया जाता है लेकिन इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर बहुत ही असुविधाओं व बगैर रखरखाव के कारण इसकी बदहाली से वाहन चालकों को रूबरू होना पड़ता है, दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लाईओवर को बने लगभग 7 वर्ष पूरे हो चुके होने के बावजूद अभी तक केवल पोल ही खड़े दिखाई देते है उनपर वर्षो से लाइटे नही लगाई गई,जिसको देखते हुए नेशनल हाइवे ऑथोरिटी को कई बार बार पत्र भेज फ्लाईओवर पर लाइटे लगवाने का अनुरोध किया जाता रहा है,लेकिन आज तक फ्लाइओवर पर बगैर बल्ब व लाईट के लगे पोल अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहे है,इस फ्लाईओवर से गुजरने वाले वाहनों को रात के समय बड़ी परेशानी उठानी पड़ती है

महावीर भारद्वाज को मिला इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड

गुरुग्राम। हरियाणा के जाने-माने शिक्षाविद एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री महावीर भारद्वाज को दिल्ली में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन में International education award से नवाजा गया है। यह प्रवासी भारतीयों की एक संस्था एनआरआई वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह में विश्व के अनेक देशों में रह रहे उन भारतीयों को अवार्ड देकर सम्मानित किया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व योगदान दिया है। इस अवसर पर भारत में रहकर शिक्षा के क्षेत्र में अपने अभूतपूर्व योगदान के कारण श्री महावीर भारद्वाज को भी अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड के लिए चुना गया। शिक्षा के क्षेत्र में गुरुग्राम हरियाणा के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार विवेक शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज को इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड दिया गया। श्री भारद्वाज को अवार्ड प्रदान करने वालों में उक्त संस्था के अध्यक्ष पदम श्री डॉ यूके

शाह,महासचिव श्री गुरिंदर सिंह तथा संयोजक डॉ दीपक सिंह के अतिरिक्त उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री डॉ रघुराज सिंह तथा असम के पूर्व न्यायाधीश भी उपस्थित रहे। गौर तलब है कि इंटरनेशनल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित होने वाले महेंद्रगढ़ के मूल निवासी श्री महावीर भारद्वाज को इससे पहले पांच बार अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड दिए जा चुके हैं। जिन में प्रमुख रूप से प्राइड ऑफ़ इंडिया अवार्ड, ज्वेल ऑफ़ इंडिया अवार्ड,जन सेवा सद्भावना अवार्ड, विद्या सरस्वती पुरस्कार तथा इंदिरा गांधी एक्सीलेंस अवार्ड शामिल है। पूर्व में दिए गए अवार्ड उच्च कोटि की पत्रकारिता एवं शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के कारण प्रदान किए गए थे।

गुरुग्राम वार्ड 36 में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर

गुरुग्राम वार्ड 36 में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर दिनेश वरिष्ठ एक्स प्रेजिडेंट आरडब्ल्यूए सेक्टर 3,5×6 ने बताया की समाजसेवी भगत सिंह कटारिया द्वारा गुरुग्राम गांव ने वार्ड नम्बर 36 वासियों के लिए मेदांता गुरुग्राम एवं लायंस क्लब दिल्ली दर्पण के सहयोग से दिनांक 27 जनवरी 2024 को एक निशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मेदांता हॉस्पिटल से आई विशेषज्ञों की टीम द्वारा कार्डियोलॉजी, रेस्पिरेटरी, आंखों एवं दांतों के मरीजों को मुफ्त सलाह प्रदान की गई तथा ईसीजी,बीपी, रैंडम ब्लड शुगर , बीएमडी की जांच भी निशुल्क की गई। इस स्वास्थ्य शिविर का वार्ड 36 के लोगों ने भरपूर स्वास्थ्य लाभ का फायदा उठाया तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी कतार देखी गई तथा लगभग 170 लोगों ने अपनी अलग अलग जाँच करवाई जो की सभी फ्री थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान अजीत कटारिया पूर्व अध्यक्ष बाल एवं श्रम कल्याण विभाग हरियाणा ने भगत सिंह कटारिया को

इस शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद किया।श्री अजीत कटारिया जी का आज जन्मदिन भी था इस उपलक्ष में भगत सिंह कटारिया द्वारा केक मंगवा कर उनसे केक भी कटवाया गया।अजीत कटारिया ने भगत कटारिया के सामाजिक कार्यों की सराहना की और बताया की भगत कटारिया समय समय पर फ्री स्वास्थ्य कैम्प लगाते रहते हैं और उन्होंने आए सभी लोगों से अपने स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहने की सलाह दी और धूम्रपान से दूर रहने की सलाह दी

बेहतर सुविधा युक्त अनाजमंडी व आटो मार्केट बनवाने के करूंगा प्रयास: नवीन गोयल

गुरुग्राम। पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने रविवार को शिवजी पार्क गली नंबर-18 में जनसम्पर्क किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों की तरफ से सुविधाओं के लिए रखी गई मांगों को पूरा कराने के लिए भरसक प्रयास करने की बात कही।

इस अवसर पर उदित भारद्वाज, नवीन यादव, देवप्रकाश यादव, दिनेश प्रधान, बबली यादव, महेश यादव, संजय यादव, प्रताप सिंह, गोल्डी, रामरति देवी, नाला देवी, मुन्नी देवी, जयपाल चौहान, अशोक, श्रीभगवान व अन्य गणमान्य जन मौजूद रहे। नवीन गोयल ने कहा कि शिवजी पार्क क्षेत्र में एक तरफ तो खांडसा मंडी है, दूसरी तरफ बसई रोड लगता है। इन स्थानों पर आमजन को काफी काम रहता है। उन्होंने कहा कि शहर में मंडी और ऑटो मार्केट बेहतर होना बहुत जरूरी होती है। यहां दिनभर हजारों लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में लोगों के लिए वहां सुविधाएं भी होनी चाहिए। नवीन गोयल ने कहा कि ऑटो मार्केट एक स्थान पर होना इसलिए जरूरी है कि पूरे शहर में अलग-अलग स्थानों पर मैकेनिक बैठे हैं। वे कई

तरह की परेशानियां झेलते हुए अपना काम करते हैं। एक ही जगह पर पूरी मार्केट होगी तो दुकानदारों व ग्राहकों दोनों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि चाइना मॉडल हम यहां पर लागू करके भव्य सुविधाएं दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। कुछ माह पूर्व बसई रोड ऑटो मार्केट पर पड़ी रहने वाली गंदगी को साफ करवाकर नवीन गोयल ने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छता का तोहफा दिया।

नवीन गोयल ने अनाजमंडी को लेकर कहा कि यहां पर सुविधाओं को बढ़ाने के लिए उन्होंने पहले भी प्रयास किए हैं। मुख्य प्रशासन से मुकेश कुमार आहुजा से मुलाकात करके उन्होंने अनाजमंडी में गेट लगवाने का काम किया। यहां पर शरारती तत्वों का जमावड़ा रहता था, उन्हें यहां से पुलिस की मदद से हटाया गया। नवीन गोयल ने कहा कि भविष्य में यहां पर और भी सुविधाएं बढ़ें, इस पर भी वे काम कर रहे हैं। अधिकारियों तक यहां की कमियों को पहुंचारया जा रहा है। पर्यावरण विषय पर नवीन गोयल ने कहा कि वायु प्रदूषण, गरीब कचरे का प्रबंधन, बढ़ रही पानी की कमी, गिरते भूजल टेबल, जल प्रदूषण, संरक्षण पर्यावरण मुद्दों में हमारे देश की प्रमुख समस्या है। पर्यावरण वह प्राकृतिक संसार है, जिसमें हम रहते हैं। यह जीवन के लिए संसाधन और जीविका प्रदान करता है। इसमें वायु, जल, भूमि और सभी जीवित प्राणी शामिल हैं उन्होंने यहां पर्यावरण संरक्षण व साफ-सफाई रखने के प्रति जागरुक किया। गुरुग्राम की तरक्की के लिए अपना विजन सांझा किया। नवीन गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करने में हम प्रयासरत हैं। हमारा गुरुग्राम स्वच्छता में टॉप 10 शहरों में आए, इस लक्ष्य को लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं।

जेसी अनुज बंसल बने जेसीआई करनाल के प्रधान

करनाल, आशुतोष गौतम। जेसीआई करनाल द्वारा नूर महल में विश्वास 45 वां शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित किया गया। जिसमे जेसी अनुज बंसल को वर्ष 2024 के लिए प्रधान पद के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन जेसी प्रतिमा जिंदल एवं जेसी संदीप अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास अहलावत एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर दिल्ली राज्य सिविल सप्लाई, करनाल की महापौर श्रीमती रेनू बाला गुप्ता, गेस्ट ऑफ़ ऑनर डॉ संजय वर्मा ब्लड अफसर, इंस्टालेशन ऑफिसर जोन प्रेजिडेंट जेसी जतिन सिंगला, इंडक्शन ऑफिसर जेसी मनीष सिंगला रहे। मुख्य अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। वर्ष 2023 के प्रधान कमल गर्ग ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की एवं नयी टीम को बधाई दी। अनुज बंसल ने अपनी पत्नी रुचि बंसल के साथ शपथ ली एवं नए पद की जिम्मेदारी ग्रहण की।अनुज

बंसल ने बताया की संस्था हमेशा से समाज में अच्छे एवं सामाजिक कार्य के लिए पहचानी जाती है। आज अपनी नयी कार्यकारिणी में जेसी सीए रोहित गर्ग सचिव, गौरव गुप्ता कैशियर पद की जिम्मेदारी दी गयी। सरस्वती विद्या सदन के बच्चों द्वारा मनमोहक गणेश वंदना प्रस्तुत की गयी। विकास अहलावत , रेनू बाला गुप्ता एवं डॉ संजय वर्मा ने जे सी आई करनाल की नये प्रधान बनने पर अनुज बंसल एवं उनकी टीम को बधाई दी। इस मौके पर अधिवक्ता नरेश गुप्ता, राजीव गोयल, जय प्रकाश गोयल ,बॉबी गोयल, रोमी सिंगला, प्रधान निर्सिंग नगर पालिका, समीर जिंदल, विशाल जिंदल , रोबिन गर्ग,अमीश गोयल ,राज कुमार तायल, कुलभूषण गोयल, टोनी वीरेन गर्ग, मुनीश बंसल , दिनेश गुप्ता एवं एल सी चौहान आदि उपस्थिति थे।

कांग्रेस ने शुरू की लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया

चंडीगढ़। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने बताया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों का चयन शीघ्र किया जाना है। इसलिए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा इन लोकसभा चुनाव के लिए आवेदन की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है। आवेदन फॉर्म पार्टी कार्यालय में 30 जनवरी 2024 से उपलब्ध रहेंगे। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी 2024 सुनिश्चित की गई है। चौधरी उदयभान ने कहा कि प्रदेश के समस्त 10 लोकसभा चुनाव क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के इच्छुक पार्टीजन 7 फरवरी 2024 को सायं 5-00 बजे तक अपना आवेदन पत्र प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा करवा सकते हैं ताकि प्रत्याशियों का चयन अविलंब किया जा सके। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया का कहना है कि पिछले 10 वर्षों के भाजपा सरकार के कुशासन में एक तरफ़ जहाँ कमरतोड़ महंगाई व बेतहाशा बेरोजगारी का मंजर है, वहीं दूसरी ओर दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबों के साथ निरंतर भेदभाव व अत्याचार किया जा रहा है। इसके साथ किसानों से धोखा, महिलाओं के खिलाफ अपराध तथा कामगारों का शोषण चरम पर है।चुनाव प्रक्रिया में मतदाताओं का विश्वास बनाऐ रखना तभी संभव है, जब पूरे देश में मतदान के समय मतदाताओं के हाथ में अनिवार्य रूप से वीवीपैट की मतदान पर्ची दी जाए। जिसे वो मतदान पेटी में डालें। उनकी गणना के आधार पर ही नतीजे घोषित किए जाएं।

पेंशन के रुपए देने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी करने वाली चार महिला सहित आठ आरोपी गिरफ्तार

करनाल। जिला पुलिस करनाल की थाना साइबर की टीम के हाथों एसपी शशांक कुमार सावन के कुशल मार्गदर्शन में बढ़ी कामयाबी लगी है। थाना साइबर की टीम द्वारा प्रबंधक थाना निरीक्षक श्री राजीव मिगलानी के नेतृत्व में और एएसआई मुकेश कुमार की अध्यक्षता में 22 जनवरी को ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन आरोपी हेमंत पुत्र राजपाल वासी सेक्टर 87, नोएडा उत्तरप्रदेश, प्रवीण कुमार पुत्र यशपाल वासी छोटी उकावली अलीगढ़ उत्तरप्रदेश और शशिभूषण तिवारी पुत्र हेमंत तिवारी वासी हाजीपुर सेक्टर 104, गौतमबुद्ध नगर उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया गया था। जोकि आरोपी शशिभूषण को न्यायालय मे पेश कर ज्यूडिशियल भेजा गया और आरोपी हेमंत और प्रवीण को रिमांड पर लिया गया था। रिमांड के दौरान आरोपी हेमंत की निशानदेही पर उससे पांच हजार नगद रुपए और सिम सहित एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी हेमंत और प्रवीण ने बताया कि वे अपने अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर पिछले दो साल से

ऑनलाइन ठगी का यह काम कर रहे है। जिसमें वे अब तक देश के अलग-अलग हिस्सों से करीब 80 व्यक्तियों को अपना शिकार बना चुके है। सभी आरोपी एक टीम के तौर पर मिलकर यह काम करते है। दोनों आरोपियों को न्यायालय मे पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया था। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर ही उनके अन्य पांच सह आरोपी मिनाक्षी पुत्री नितीश, स्वाती पत्नी नितीश, प्रिया पुत्री मनोज, तरुण पुत्र उदयवीर और ज्योति पुत्री विनोद वासियान खिचड़ीपुर एरिया थाना कल्याणपुरी दिल्ली को खिचड़ीपुर से इनके ऑफिस से गिरफ्तार किया गया। सभी पांच आरोपियों से प्रारंभिक पूछताछ में पाया गया कि वे पिछले कुछ समय से प्रतिदिन अलग-अलग व्यक्तियों पर कॉल करके उनको अपना शिकार बनाते है। सभी आरोपियों को पेश न्यायालय कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

इस मामले में शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार वासी वजीर चंद कॉलोनी करनाल ने शिकायत दी थी कि वह सन 2010 में सिविल सर्जन के पद से रिटायर हुआ था और लक्ष्य के पैसे उसे मिल गए थे लेकिन उसे उसके नौकरी के दौरान लद्दुस ग्रुप बीमा स्कीम के तहत कटे हुए रुपए नहीं मिले थे। जोकि 30 दिसंबर 2023 को उसके पास नई दिल्ली श्वक्ष्ल ऑफिस के नाम से फोन आया और बोले की आपका लद्दुस स्कीम का पैसा आपके खाते में भेजा जाएगा जिसके लिए आपको रिफंडेबल सिक्योरिटी के रूप में कुछ पैसे जमा कराने पड़ेंगे जोकि बाद में रिफंड हो जाएंगे। इसके बाद शिकायतकर्ता ने आरोपियों के बिछाए हुए जाल में फसते हुए उनके कहने पर अलग-अलग तरीकों में अलग-अलग बैंक खातों में करीब तीन लाख अस्सी हजार रुपए जमा करवा दिए। जिसके बाद आरोपियों द्वारा कोई पैसा शिकायतकर्ता के खाते में नहीं डाला गया। और उसे एहसास हुआ कि वह ठगा जा चुका है। शिकायत के आधार पर नामालूम आरोपियों के खिलाफ 12 जनवरी को थाना साइबर करनाल में धोखाधड़ी होने पर आईपीसी की धारा 120ब, 420 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

बोर्ड परीक्षाएं नजदीक, बिजली कटौती ने बढ़ाया संकट

ग्वालियर। शहर में संधारण कार्य के नाम पर नियमित पांच से छह घंटे बिजली कटौती की जा रही है। यह स्थिति तब है जब बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं नजदीक हैं। कटौती के कारण छात्र पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है कि कटौती पिछले तीन माह से लगातार की जा रही है, लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शहर के सभी फीडर पर रोजाना सुबह से कटौती की जा रही है।बोर्ड परीक्षा नजदीक होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बिजली कंपनी के अफसर कभी फाल्ट होने की बात कह कर नियमित कटौती की बात से मुकर जाते हैं तो कभी ट्रांसफार्मर पर लोड ज्यादा होने की बात कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं। बहरहाल, जो भी है बिजली कटौती नियमित हो रही है। आज इन फीडरों पर गुल रहेगी बिजली मंगलवार को पांच फीडर पर बिजली गुल रहेगी। इससे दस हजार की आबादी प्रभावित रहेगी। 11केवी राजा की मंडी और रानीपुरा सिटी फीडर पर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे राजा की मंडी, पुरानी पुलिस चौकी, सोडा का कुआ, रंगियाना मोहल्ला, ठाकुर मोहल्ला, रानीपुरा, गोसपुरा नम्बर एक क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 11केवी रामनगर फीडर पर सुबह दस बजे से दोपहर बाहर बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे लूटपुरा, रामनगर, रानीपुरा, इन्द्रानगर, चार शहर का नाका क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 11केवी प्रेमनगर, तानसेन नगर फीडर पर सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक बिजली गुल रहेगी। इससे गोसपुरा नम्बर एक, दो, हरिजन बस्ती, पोस्ती खाना, गोलपाड़ा, मैदाई मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

फिल्मी स्टाइल में सुरक्षा तोड़ हाईकोर्ट में घुसीं दो कार, पुलिस ने पकड़ा

ग्वालियर। पहले प्यार हुआ फिर घर से शादी करने के लिए भाग जाना, अचानक से लड़की के पिता और भाई का आना और लड़के पर हमला कर देना, सुनने में बिलकुल किसी फिल्म का एक्शन सीन लगता है लेकिन यह घटना हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ में मंगलवार को हुई है। सुबह के समय दो तेज रफ्तार गाडियां अचानक से हाईकोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भेदती हुई परिसर के गेट क्रमांक दो तक आ जाती हैं।इसमें एक कार में प्रेम प्रसंग के चलते कोर्ट मैरिज करने ग्वालियर आए युवक-युवती थे और पीछे वाली कार में युवती के स्वजन। जैसे ही पुलिस ने परिसर में घुसी गाडियों को रोका युवती के स्वजन ने उतरकर प्रेमी

युगल की गाड़ी पर हमला कर दिया। गाड़ी के शीशे पर घूंसे मारने लगे और युवक को बाहर निकालने का प्रयास करने लगे।पुलिस ने तत्काल युवक-युवती को कोर्ट में भेज दिया और युवती के स्वजन और दोनों वाहनों को विश्वविद्यालय थाने को सुपुर्द कर दिया। जहां युवक के साथ आए सुधांशु धाकड़ और युवती के स्वजन संजीव गुप्ता और अरविंद जाट पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया।शाम के समय हाईकोर्ट से उन्हें पुलिस फोर्स के साथ पहले विश्वविद्यालय थाना ले गए, जहां युवक-युवती के बयान हुए। इसके बाद पुलिस फोर्स ने दोनों को गोला का मंदिर छोड़ दिया, जहां युवक के स्वजन दोनों कोअपने साथ ले गए।

रमटापुरा पुल पर रखे गए गर्डर, सात दिन आवागमन बंद

ग्वालियर । तानसेन नगर से सेवा नगर को जोड़ने वाले रमटापुरा पुल के ऊपर एलिवेटेड रोड परियोजना के अंतर्गत पुल के गार्डर रख दिए गए हैं। अब अगले सात दिन तक गर्डर के ऊपर डैक स्लैब (छत ढालने) का कार्य किया जाएगा। इसको देखते हुए रमटापुरा पुल को अगले सात दिन के लिए बंद कर दिया गया है। सोमवार की सुबह साढ़े नौ बजे से लेकर दोपहर दो बजे के बीच पांच गर्डर लांच किए गए।गार्डर लांच करने के लिए दो बड़ी क्रेनों के साथ 50 से अधिक मजदूरों की सहायता ली गई। पीडब्ल्यूडी से मिली जानकारी के मुताबिक पिलर पर गर्डर लांच किये जा चुके हैं। इन पिलरों के बीच डैक स्लैब का कार्य शुरू कर दिया गया है। रानीपुरा और हजीरा के पास कुशवाह परिवार की जमीन है। इसका भू-अर्जन और अधिग्रहण होने के बाद यह जमीन एलिवेटेड रोड के कार्य में उपयोग की जाएगी। इसके बाद एलिवेटेड रोड निर्माण में तेजी आएगी। रात के समय बड़े-बड़े वाहनों के जरिए गर्डर को मल्लगढ़ा से रमटापुरा पुल तक तीन किमी की दूरी तक पहुंचाने में तीन से चार घंटे का समय लगता है। इसी तरह कार्य प्रतिदिन किया जाएगा। रात को गर्डर की ढुलाई की जायेगी और दिन में पिलर पर गार्डर लांच किए जाएंगे।

निगम परिषद की बैठक में अफसरों की मनमानी पर पार्षद दंडवत

ग्वालियर। नगर निगम में चल रही पदेन व्यवस्था के खिलाफ सोमवार को जलविहार में आयोजित परिषद की बैठक में पार्षद फिर हमलावर हुए। पदेन व्यवस्था में एक ही अधिकारी को कई चार्ज देने और अन्य विभागों से प्रतिनियुक्ति पर निगम में अधिकारियों के आने का विरोध करते हुए पार्षदों ने कहा कि निगम की वित्तीय स्थिति खराब है। ऐसे में प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे अधिकारियों के वेतन-भत्तों से निगम पर बोझ पड़ रहा है।विपक्षी पार्षद ब्रजेश श्रीवास ने पदेन व्यवस्था व अधिकारियों पर तंज कसते हुए दंडवत प्रणाम किया। पूर्व एमआइसी सदस्य आशा चौहान सहित सत्तापक्ष के पार्षदों ने दो पंप आपरेटरों को हटाने के आदेश का अमल न होने पर धरना दिया। पार्षदों का कहना था कि सभी अधिकारियों को मूल पद पर भेजने के साथ ही योग्यता के अनुसार पद दिए जाएं। शुरुआत में कोरम पूरा न होने के कारण 15 मिनट के लिए बैठक को स्थगित किया गया, इसके बाद विपक्षी पार्षद नागेंद्र राणा ने निगम कर्मचारियों द्वारा पार्षद ब्रजेश श्रीवास के खिलाफ संभागीय आयुक्त को दिए गए ज्ञापन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वो कौन से कर्मचारी है जिन्होंने यह शिकायत की है। अगर शिकायत करना थी तो महापौर, सभापति या फिर निगमायुक्त से भी की जा सकती थी।इस पर ब्रजेश श्रीवास ने अधिकारियों को दंडवत प्रणाम किया और कहा कि मैंने एक कहावत के तौर पर घोड़ों का काम गधों से लेने की बात कही थी। जिन कर्मचारियों ने संभागीय आयुक्त को शिकायत की है, उन्हें चिह्नित कर उनकी संपत्तियों की जांच होनी चाहिए। बैठक में ज्यादातर पार्षदों का यही कहना था कि निगम में योग्यता का कोई पैमाना नहीं है। एक ही अधिकारी को आठ-आठ चार्ज दे दिए गए हैं, जबकि कई अधिकारी बिना काम के बैठे हुए हैं। इस पर सभापति मनोज तोमर ने ठहराव पारित किया कि निगमायुक्त सेटअप के अनुसार कर्मचारियों को मूल पद पर पदस्थ करें और कर्मचारी के अभाव में अनुभव के आधार पर एक पद ऊपर पदस्थ कर सकते हैं। जिन कर्मचारियों ने संभागीय आयुक्त से शिकायत की है, उन कर्मचारियों की जांच कर उन पर कार्रवाई करें। बैठक को मंगलवार दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित किया गया है।बैठक में चर्चा के दौरान पार्षदों ने नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह के अनुपस्थित रहने और उनके स्थान पर प्रभारी आयुक्त विजय राज के उपस्थित होने पर सवाल खड़े किए। चर्चा के दौरान पार्षदों का कहना था कि प्रभारी आयुक्त उसी अधिकारी से बात करें। इस बीच सभापति ने नाराजगी जताई और कहा कि पार्षद स्वयं ही अभियाचित बैठक लेकर आए हैं, लेकिन हर बार निगमायुक्त का बहाना बनाकर चर्चा से बचते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पार्षद चर्चा नहीं करना चाहते हैं, तो मैं एजेंडा समाप्त कर दूंगा। इस पर नेता प्रतिपक्ष हरिपाल ने विरोध करते हुए कहा कि पार्षद किसी चर्चा से नहीं बचना चाहते हैं, लेकिन चर्चा के बाद होने वाले निर्णयों पर अमल होना चाहिए।

स्टाफ की कमी, दस पलंग की उच्च निर्भरता इकाई पर ताला

ग्वालियर । जिला अस्पताल मुरार के जच्चाखाने में गंभीर स्थिति वाली प्रसूताओं के लिए बना उच्च निर्भरता इकाई (एचडीयू आब्स आइसीयू) पर ताला पड़ा है। व्यवस्थाओं में सुधार के नाम पर जिम्मेदारों ने उच्च निर्भरता इकाई का निर्माण तो करा दिया, लेकिन पैरामेडिकल स्टाफ और चिकित्सक मुहैया नहीं कराए। ऐसे में इकाई का संचालन तो छोड़िए जिम्मेदार ताला तक नहीं खोल पा रहे हैं। जिला अस्पताल प्रबंधन मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखने और बैठक कर इकाई को जल्द शुरू करने की बात कर रहा है, लेकिन दावा हवा-हवाई ही लग रहा है। गंभीर गर्भवती और प्रसूताओं को जिला अस्पताल मुरार के आइसीयू में रैफर करना पड़ता है और आइसीयू अधिकतर फुल रहता है। इस वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता था, इसलिए फैसला लिया गया कि जच्चाखाने में महिलाओं के लिए अलग से हाई डिपेंडेंसी यूनिट (उच्च निर्भरता इकाई) तैयार की गई, इसमें सर्व सुविधा युक्त 10 पलंग हैं, जिनपर गंभीर स्थिति वाली प्रसूताओं और गर्भवती को भर्ती किया जाएगा, लेकिन अब अस्पताल प्रबंधन ने स्टाफ की कमी का रोना रो-

कर इसके संचालन से हाथ खड़े कर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर पैरामेडिकल और डाक्टर की पूर्ति करने को कहा है।

नर्सिंग स्टाफ और डाक्टर चाहिए-एनएचएम के सहयोग से तैयार हुई उच्च निर्भरता इकाई के संचालन के लिए 16 नर्सिंग स्टाफ और चार महिला चिकित्सक के अलावा गार्ड व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की आवश्यकता है, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखे जा चुके हैं, लेकिन यूनिट तैयार होने के बाद भी स्टाफ की पूर्ति नहीं की जा चुकी है। इस कारण गंभीर महिलाओं को यूनिट में भर्ती नहीं किया जा पा रहा है। महिलाओं को जिला अस्पताल या फिर जेएएच रैफर करना पड़ रहा है।हाई डिपेंडेंसी यूनिट (उच्च निर्भरता इकाई) में अत्यंत गंभीर मरीजों को भर्ती किया जाता है, इससे आइसीयू का भी लोड कम हो जाता है, क्योंकि इसमें तीन कैटेगिरी ए, बी और सी के हिसाब से मरीजों को भर्ती कर रखा जाता है। अत्यंत गंभीर मरीज को हाई डिपेंडेंसी यूनिट में भर्ती कर उपचार दिया जाता है।यह बात सही है कि उच्च निर्भरता इकाई का संचालन नहीं हो रहा है, इसके पीछे का कारण हमारे पास पर्याप्त पैरामेडिकल स्टाफ और चिकित्सक न होना है। हमने मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर स्टाफ मुहैया कराने को कहा है।

हत्यारा पति पहले से था शादीशुदा, कंडक्टरी करता था, खुद को आर्किटेक्ट बताकर एसडीएम को फंसाया

ग्वालियर,। डिंडौरी जिले के शहपुरा में पदस्थ एसडीएम निशा नापित की हत्या करने वाला उनका पति मनीष शर्मा मूल रूप से ग्वालियर का रहने वाला है। कभी बस पर कंडक्टरी करता था। परिवार वाले भी उसकी हरकतों की वजह से उससे खफा रहते थे, इसलिए वह घर छोड़कर चला गया। कंडक्टरी करते-करते अचानक जबलपुर चला गया, फिर ग्वालियर लौटा। यहां परिवार वालों को मनाकर शादी की, लेकिन पहली पत्नी को छह माह बाद ही तलाक दे दिया।उसके करीबी बताते हैं- सिरोल स्थित डीबी सिटी हाउसिंग सोसायटी में वह एक महिला के साथ रहता था। जिसे अपनी पत्नी ही बताता था और उससे जुड़वां बेटियां थी। उसने एसडीएम निशा नापित को मैट्रिमोनियल साइट पर खुद को आर्किटेक्ट बताकर फंसा लिया और शादी कर ली। एसडीएम ही उसका खर्च उठा रही थी, उन्हीं के पैसों से उसने ग्वालियर में डीबी सिटी जैसी पाश हाउसिंग सोसायटी में किराये का फ्लैट ले लिया था। बेरहमी से अपनी एसडीएम पत्नी की हत्या करने वाला सिरफिरा मनीष शर्मा आपराधिक प्रवृत्ति का शुरू से ही रहा है। वह एक भाजपा नेता का करीबी रिश्तेदार भी है।एसडीएम की हत्या करने वाले मनीष का भाई बोला- शुरू से गद्दार रहा, वह किसी का नहीं हुआ, शर्म आती हैमुझे शर्म आती है यह कहते हुए- इतनी शर्मनाक और दर्दनाक घटना को अंजाम देने वाला मेरा भाई है। हम चार भाई थे। मनीष मुझसे छोटा था। उसकी हरकतें शुरू से ही असहज करने वाली थीं। पढ़ाई नहीं करता

था, इसलिए घर से अलग रहने लगा था। फिर अलग-अलग बस आपरेटरों के यहां कंडक्टरी करने लगा। अचानक शहर से गायब हो गया। वह जबलपुर चला गया। 2018 की बात है, अचानक घर आया। मुझसे और मेरी मां से बोला- शादी करनी है, हमने तो उससे रिश्ता ही खत्म कर लिया था। बार-बार बोलता था कि लड़की वाले घर, परिवार के बारे में पूछते हैं। हम एक बार फिर मान गए, उसकी शादी करवा दी। पूरा खर्च मैंने किया। मनीष ने महज छह माह बाद ही उसे तलाक देकर हमारी बदनामी करवा दी। फिर पुश्तैनी जमीन में हिस्से को लेकर हंगामा करता था। जमीन उसे दे दी। इसके बाद उससे कभी वास्ता नहीं रखा। बीच में तबियत खराब हुई तो समाज के ही लोगों के कहने पर मदद की थी। डीबी सिटी में रहता था, ऐसा पता लगा था। नहीं पता कब एसडीएम से शादी की, कब क्या किया। इस घटना के बाद पूरा परिवार शर्मिंदा है, हमारा उससे कोई रिश्ता नहीं था। वह हमेशा से धोखेबाज ही रहा है। ग्वालियर पुलिस को जैसे ही खबर मिली कि आरोपित डीबी सिटी में रहता था तो सिरोल और क्राइम ब्रांच की टीम यहां पहुंची। यहां सुरक्षा गार्डों ने बताया कि वह ब्लूबेरी के ए ब्लाक में फ्लैट नंबर-805 में करीब एक साल पहले रहता था। यह फ्लैट चंचल अरोरा ने रीसेल में खरीदा और किराये पर दे दिया। मनीष शर्मा के बाद यह फ्लैट किसी बैंक कर्मचारी को किराये पर दिया। उनके पड़ोसी से जब बात की तो वह बोले- वह अकेला नहीं रहता था। कुछ समय के लिए एक महिला और दो जुड़वां बच्चियां भी रहने आई थी। सिर्फ आते-जाते बात होती थी। सोसायटी के आफिस में भी अक्सर आता था, वह खुद को यहां जमीन कारोबारी बताता था। एक कार भी उसके पास थी। ए ब्लाक से फ्लैट शिफ्ट किया और वह रहने के लिए सी ब्लाक में चला गया। यहां के बाद सोसायटी छोड़ गया।

पुलिस कर रही आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल-एएसपी ऋषिकेष मीणा ने बताया कि आरोपित के आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। थाटीपुर थाने में उस पर अपराध दर्ज होने की जानकारी मिली थी, यहां रिकार्ड नहीं मिला। शाम को यूनिवर्सिटी और मुरार थाने में रिकार्ड दिखवाया जा रहा है। आइसीजेएस पोर्टल पर भी पड़ताल करवाई जा रही है।

कोर्ट आए थे तो क्या मुंह दिखाकर चले जाएंगे?

ग्वालियर। प्रेम-प्रसंग के बाद हुई आपसी रंजिश के चलते हत्या के मामले के तत्कालीन जांच अधिकारी अनिल भदौरिया गिरफ्तारी वारंट के चलते सोमवार को न्यायालय में पेश तो हुए, लेकिन यह कहकर चले गए कि एक एनकाउंटर के मामले में उनकी पेशी हाई कोर्ट में है, वह लंच के बाद आएंगे, लेकिन लंच के बाद भी जब कोर्ट में पेश नहीं हुए तो न्यायाधीश ने मुंशी को बुलाकर उनकी मौजूदगी के बारे में पूछा, जिसपर मुंशी ने बताया कि उनका फोन नहीं लग रहा है, वह सुबह आए थे। इसपर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आए थे तो क्या मुंह दिखा कर चले जाएंगे? अब उनकी आरती उतारें क्या?शाम को साढ़े 5 बजे अनिल भदौरिया ने कोर्ट को फोन के माध्यम से अपनी समस्या बताई और आगामी तारीख पर पेश होने की बात कही। न्यायालय ने भी उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देशित कर दिया है कि उन्हें आगामी तारीख पर सुनवाई के लिए सुबह 11 बजे मौजूद रहना होगा। दरअसल, यह मामला 30 अगस्त 2019 की वारदात का है, जब फरियादी सेवानगर के रहने वाले दिनेश प्रजापति ने नत्थाराम प्रजापति की बेटी से शादी कर ली थी, जिससे नत्थाराम और उसका बेटा नाराज थे। वारदात वाले दिन जब दिनेश अपने घर से जा रहा था तो नत्थाराम और उसके बेटे ने तलवार-चाकू लेकर उसे घेर लिया।

मेले में लगे झूलों में नट बोल्ट दुरुस्त मिले न सीट बेल्ट

ग्वालियर । व्यापार मेले में सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी और लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी टीम झूलों की जांच करने पहुंची। टीम ने छह घंटे में 32 झूलों की सघन जांच की। जांच में टीम को कई झूलों में न तो नट बोल्ट दुरुस्त मिले और यहां तक कि कई में सीट बेल्ट भी नहीं थी। इसके अलावा भी कई अन्य खामियां भी मिलीं। इनको दूर करने के निर्देश अधिकारियों ने झूला संचालकों को दिए। साथ ही एक सूची मेला प्राधिकरण सचिव निरंजन लाल श्रीवास्तव को सौंपी। मेला सचिव श्रीवास्तव ने बताया कि कमियों को दूर करने झूला संचालकों को नोटिस दिए जाएंगे। खामियों को देखते हुए यह सवाल भी उठ रहा है कि झूला संचालन शुरू होने से पहले इन्हें फिटनेट सर्टिफिकेट कैसे जारी हो गए। आमजन की सुरक्षा के लिए सभी झूलों में काले रंग के सीट बेल्ट लगाए जाने के साथ रेलिंग के नट बोल्ट दुरुस्त कराने के निर्देश झूला संचालकों को मिले हैं। साथ ही झूला संचालकों को कहा गया है कि वह अपने झूलों में गर्भवती, गंभीर बीमारी से पीड़ित, मिर्गी, हृदय रोगियों और रक्तचाप से पीड़ित लोगों को न बैठाएं। सोमवार को झूला सेक्टर के सभी झूलों का संचालन बंद रहा है। लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी की रिपोर्ट आने के बाद ही झूले शुरू करने का निर्णय प्रशासन द्वारा लिया जाएगा। महिला के झूला से गिरने के बाद हुई झूलों की फिटनेस चेक-रविवार को मुरार बंशीपुरा निवासी 32 वर्षीय रिहाना खान नाव झूले से गिर गई। उनका उपचार एक निजी अस्पताल में चल रहा है। रिहाना के झूले से गिरने के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में झूलों की फिटनेस चेक कराने टीम भेजी। इसने सोमवार को 32 झूलों का परीक्षण किया। टीम को मेजर फाल्ट नहीं मिला, लेकिन कुछ खामियां मिली जिनको सूचीबद्ध कर मेला प्राधिकरण को सौंप दिया गया। रिहाना खान के पति जमील खान ने बताया कि रिहाना की हालत ठीक नहीं है।

झूला संचालन के बाद कुछ देर तक रोका जाए, साथ ही झूले में बैठे लोगों से पूछा जाए कि उनको चक्कर तो नहीं आ रहे।

सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक चली जांच

प्रशासनिक अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की टीम सुबह 11 बजे झूला सेक्टर में पहुंच गई थी। इसने शाम पांच बजे तक झूलों की जांच की। लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी एसडीओ बीके दीक्षित और इंजीनियर एसपी शर्मा ने झूले चेक किए। कुछ झूले जो जमीन पर खड़े थे उनके नीचे मोटी लकड़ियां लगवाई गईं। दीक्षित का कहना था कि हमने कमियों की सूची मेला सचिव को दे दी है। प्रशासन का कहना है कि कमियां दूर कर लिए जाने के बाद झूलों का संचालन कराया जाएगा।

खामियों को दुरुस्त कराने झूला संचालकों को नोटिस दिए जाएंगे-लोक निर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी टीम ने खामियों की सूची दी है। उनको दुरूस्त कराने के लिए झूला संचालकों को नोटिस दिए जाएंगे। जिससे वह कमियां दूर कर सकें।कुछ खामियां मिलीं जांच के दौरान कई झूलों में सीट बेल्ट नहीं लगे थे। साथ ही कुछ जगह रेलिंग के नट बोल्ट दुरुस्त नहीं थे। हमने खामियां दुरुस्त कराने के लिए सूची मेला प्राधिकरण सचिव को दे दी है।

हथियारबंद बदमाशों ने सराफा कारोबारी से 5.50 लाख का माल और दिल्ली के दंपती से गहने लूटे

ग्वालियर । शहर असुरक्षित हैं। खुलेआम लूट हो रही हैं। पुलिस को बदमाश खुली चुनौती दे रहे हैं, लेकिन पुलिस बदमाशों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है। लूट की दो घटनाएं शहर की सुरक्षा-व्यवस्था को ही कटघरे में खड़ा करती हैं। पहली वारदात शिवपुरी हाइवे पर हुई, जिसमें मोहना के सराफा कारोबारी पर हमला कर बदमाश 5.50 लाख रुपये का माल लूट ले गए। दूसरी घटना सोमवार शाम को हुई, जब दिल्ली के दंपत्ति पर कट्टा अड़ाकर दो बदमाश गहने लूट ले गए। दोनों ही वारदातों में पुलिस खाली हाथ है।

35 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा- मोहना में रहने वाले सराफा कारोबारी राकेश सोनी उम्र 50 वर्ष रात को अपनी दुकान बंद कर घर के लिए रवाना हुए। मोहना स्थित बाजार में ही उनकी दुकान है। बाइक से वह घर के लिए निकले थे। उनके पास एक बैग था, जिसमें सोना-चांदी के गहने और 20 हजार रुपये रखे हुए थे। जैसे ही दुकान से थोड़ी दूर पहुंचे, उनके सामने अचानक बाइक आकर रुकी। अचानक बाइक सामने आने पर राकेश ने ब्रेक लगाए तो बाइक स्लिप हुई और वह गिर पड़े। इसके बाद बदमाश उन पर टूट पड़े। उनकी मारपीट की, चाकू से भी हमला किया। उनका बैग लूट ले गए। बैग में 60 ग्राम सोना, करीब साढ़े तीन किलो चांदी और 20 हजार रुपये नकद रखे हुए थे। बदमाशों के भागने के बाद राहगीरों को रोककर मदद मांगी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।पुरानी छावनीः दिल्ली के रहने वाले अतुल शुक्ला पेशे से इंजीनियर हैं। वह अपनी पत्नी ज्योति शुक्ला के साथ दिल्ली से रामराजा सरकार के दर्शन के लिए ओरछा जा रहे थे। कार से दंपती रवाना हुए थे। रास्ते में अतुल के स्वजन का फोन आया। उन्होंने निरावली के पास कार रोकी और फोन पर बात करने लगे। वह कार की खिड़की खोलकर बात कर रहे थे। तभी बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए। बदमाशों ने आते ही कट्टा अड़ाया। गोली मारने की धमकी देकर गले में पहनी चेन पर झपट्टा मारा। आधी चेन टूट गई। फिर दोनों अंगूठियां उतरवा ली। पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है।

एक दर्जन ट्रेनें रहीं निरस्त, वंदे भारत सहित 25 ट्रेनें आज कैंसिल, वंदे भारत आज और कल रहेगी रद

ग्वालियर । मैदानी इलाकों में छा रहे घने कोहरे और मथुरा में चल रहे यार्ड रीमाडलिंग कार्य के चलते ट्रेनों का संचालन पटरी से उतरा हुआ है। मथुरा में चल रहे कार्य के कारण सोमवार को एक दर्जन ट्रेनें निरस्त रहीं, इनमें अंडमान एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, गतिमान एक्सप्रेस, महाकौशल एक्सप्रेस, दादर-अमृतसर एक्सप्रेस, अमृतसर-नागपुर एसी एक्सप्रेस, पातालकोट एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, गरीब रथ, गोंडवाना एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस और एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शामिल हैं।इसके अलावा मंगलवार से भोपाल से नई दिल्ली के बीच चलने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन भी रद रहेगी। यह ट्रेन 30, 31 जनवरी व एक व दो फरवरी को निरस्त रहेगी। 30 जनवरी को विशाखापट्टनम एक्सप्रेस, ताज एक्सप्रेस, झेलम एक्सप्रेस, सचखंड एक्सप्रेस, पातालकोट एक्सप्रेस, चंडीगढ़ मदुरई एक्सप्रेस, गीता जयंती एक्सप्रेस, निजामुद्दीन-जबलपुर एक्सप्रेस, निजामुद्दीन विशाखापट्टनम एक्सप्रेस सहित लगभग 25 ट्रेनों को निरस्त किया गया है। गौरतलब है कि छह फरवरी तक मथुरा जंक्शन में नान-इंटरलाकिंग का कार्य चलना है। इसके चलते अप और डाउन की ट्रेनें लगातार रद और डायवर्ट की जा रही हैं।कोहरे के कारण सोमवार को भी कई ट्रेनों का संचालन गड़बड़ाया रहा। स्टेशन पर यात्री घंटों इंतजार कर परेशान होते रहे। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति श्रीधाम एक्सप्रेस की है। यह ट्रेन अप और डाउन दोनों ट्रैक पर 24 घंटे से अधिक देरी से चल रही है। रविवार को जबलपुर की ओर से जिस ट्रेन को सुबह 6-48 बजे आना था, वह 18-49 घंटे की देरी से रविवार-सोमवार की दरमियानी रात 1-37 बजे ग्वालियर आई। यह ट्रेन सोमवार की 10 बजे तक भी हजरत निजामुद्दीन नहीं पहुंच पाई थी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478